RNI NO: UPHIN/2023/89251

वर्ष : 02
अंक : 325
रविवार 01 नवंबर 2026
मूल्य : 02 रूपये
पृष्ठ : 08
कुशीनगर से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इंडिपेंडेंट भारत



पेज-2 बड़गोहना खुर्द में तेज बारिश और तूफान.... पेज-3 तीन दिनों से चक्रवात का असर, मौसम.... पेज-4 शंकरगढ़ में डॉलर वाली कमाई का झांसा!....

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली एयरपोर्ट पर 47 लाख का सोना जब्त, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने सोने की तस्करी के आरोप में दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 332 ग्राम वजन की सोने की दो चेन बरामद हुई हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 47.38 लाख रुपये बताई गई है। दोनों यात्री शारजाह से दिल्ली पहुंचे थे। अधिकारियों के मुताबिक, 26 अक्टूबर को टर्मिनल-3 पर दोनों यात्रियों की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर उन्हें ग्रीन चैनल पार करने के बाद रोका गया। तलाशी के दौरान उनके अंडरगारमेंट्स में छिपाकर रखी गई सोने की चेन मिलीं। इन्हें काले टेप और कार्बन पेपर में लपेटा गया था।

सौरव दास की राष्ट्रीयता की जांच की मांग

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने सिटिजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस (सीजेपी) के प्रवक्ता सौरव दास की पृष्ठभूमि की जांच कराने की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में उनकी राष्ट्रीयता की जांच करने के साथ पासपोर्ट और आधार कार्ड रद्द करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि सौरव दास ने न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं।

पचमढ़ी में गौर के हमले में सेना के जवान की मौत

नर्मदापुरम/ पिपरिया। पचमढ़ी स्थित आर्मी एजुकेशन कोर (एईसी) ट्रेनिंग कॉलेज एवं सेंटर के परेड ग्राउंड में गुरुवार शाम वन्यजीव गौर के हमले में सेना के एक जवान की मौत हो गई। जवान फुटबॉल खेलने के बाद ग्राउंड के किनारे सीढ़ियों पर बैठे थे, तभी गौर ने उन पर सींग से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल जवान को साथी सैनिक तत्काल मिलिट्री अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत जवान की पहचान आकाश चौहान (26) निवासी दूधली, डोईवाला, देहरादून के रूप में हुई है। घटना 29 अक्टूबर की शाम की है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के उप संचालक आशीष खोबरागड़े ने बताया कि जवान परेड ग्राउंड में फुटबॉल खेल रहे थे।



कुदरत का कहर | झील फटने से स्थानीय नदियों में समाया 74 लाख घनमीटर पानी का सैलाब


भूटान में हिमनदीय झील फटी, भारत में चेतावनी

■ थिम्पू/कोलकाता

हिमालय संवेदनशील हो गया है। एक के बाद एक हिमस्खलन की डरावनी वाली घटनाएं हो रही हैं। अगस्त में नेपाल और चीन में हिमालयी बर्फीली झील फूटी। सितंबर में सिक्किम में हिमस्खलन हुआ। 29 अक्तूबर को भूटान में हिमालय की ऊंचाई वाली झील फट गयी है। इसकी वजह से भूटान आपदाग्रस्त हो गया है। हालांकि जनहानि की अभी तक कोई सूचना नहीं है।

भूटान में भी बुनियादी ढांचे को नुकसान

इस फ्लैश फ्लड से भूटान में भी नुकसान हुआ है। पुनाखा के गुमा गेवोंग क्षेत्र में हाल ही में लगाया गया सोलर सिंचाई सिस्टम आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। जोमलिंगथांग इलाके में पुनाखा-गासा राजमार्ग का एक हिस्सा मलबे से ढक गया है, जिससे सड़क संपर्क प्रभावित हो सकता है।



झील के बारे में

- भूटान में वाकिला पर्वत के नीचे स्थित है शिंताफू झील।
- यह झील भूटान की 17 सबसे संवेदनशील और खतरनाक हिमनद झीलों में से एक है।
- अगस्त 2021 में इसी क्षेत्र में बाढ़ आई थी, जिसने गासा त्साचू को भारी नुकसान पहुंचाया था।

अर्नब का प्रभाव बाकी

जारी रहेगा बारिश का दौर

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के अवशेष के प्रभाव से उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे सटे पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसकी असर से मध्यप्रदेश में कई जगह बारिश के आसार हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। बिहार, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश में कई जगह अभी भी बाढ़ के हालात बने हुए हैं। मध्यप्रदेश में अभी कुछ जगहों पर तेज हवाओं के साथ बारिश के आसार बने रहेंगे।

इधर, भारत में चक्रवात अर्नब का असर बरकरार कई राज्यों में बारिश

■ नई दिल्ली

चक्रवाती तूफान अर्नब कमजोर होकर कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो गया है, लेकिन इसका असर देश के कई राज्यों में अब भी दिखाई दे रहा है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में आंधी और बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया है। तापमान में गिरावट के साथ ठंड का असर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग ने कई राज्यों में अगले दो दिनों के लिए चेतावनी जारी की है।



ओडिशा में बारिश के कारण गंजाम, गजपति और कंधमाल जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। गंजाम के करीब 300 गांवों का संपर्क टूट गया है, जबकि गंजाम और गजपति में लगभग 62 हजार लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। राहत एवं बचाव कार्यों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीमें जुटी हैं। अब तक 120 लोगों को हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षित निकाला जा चुका है।

जोशीमठ के पास मारवाड़ी में हादसा

बदरीनाथ से लौट रहा हेलिकॉप्टर पहाड़ी पर गिरा, छह लोगों की मौत

■ पायलट समेत पांच यात्रियों के शव बरामद

■ खराब मौसम के बीच हुआ दुर्घटनाग्रस्त

■ देहरादून

उत्तराखंड में बदरीनाथ धाम से देहरादून लौट रहा ट्रांस भारत एविएशन का हेलीकॉप्टर शुक्रवार को जोशीमठ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मारवाड़ी पुल के ऊपर जेपी पावर हाउस के निकट पहाड़ी पर हुए इस हादसे में पायलट समेत सभी छह लोगों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर में पांच यात्री सवार थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ), सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की टीमें मौके पर पहुंचीं। राहत एवं बचाव दल ने दुर्घटनास्थल से सभी छह शव बरामद कर लिए।

जानकारी के अनुसार, हेलिकॉप्टर ने शुक्रवार दोपहर करीब 1:14 बजे बदरीनाथ धाम से देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए उड़ान भरी थी। जोशीमठ घाटी के ऊपर उड़ान के दौरान हेलिकॉप्टर का संपर्क टूट गया। इसके बाद उसकी लोकेशन भी ट्रैकिंग प्रणाली पर मिलनी बंद हो गई। तलाशी अभियान के दौरान जेपी बांध के ऊपर जंगल में किसी सफेद वस्तु में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दुर्घटनास्थल का पता लगाने के लिए टीमें सक्रिय की गईं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हेलिकॉप्टर छई गांव के आसपास दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

मुख्यमंत्री ने जताया दुख, बचाव कार्य के निर्देश

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि जोशीमठ के निकट छई गांव के पास हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने की दुर्भाग्यपूर्ण सूचना मिली है। जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग और एसडीआरएफ की टीमें संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। उन्होंने घटनाक्रम पर लगातार नजर रखने और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शुरुआती सूचना में यात्रियों की सुरक्षित वापसी की उम्मीद जताई गई थी, लेकिन बाद में सभी छह लोगों की मौत की पुष्टि हुई।



आईएनएस विक्रांत पर राफेल की पहली लैंडिंग



पणजी। राफेल मरीन (राफेल-रू फाइटर जेट ने 29 अक्टूबर को आईएनएस विक्रांत पर पहली कोशिश में सफल लैंडिंग की। आईएनएस विक्रांत भारतीय नौसेना का स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह राफेल मरीन फ्रेंच नेवी का लड़ाकू विमान है। इसे फ्रेंच पायलट उड़ा रहे थे। इन ट्रायल्स से भारतीय नौसेना में राफेल मरीन विमान को ऑपरेशनल बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। भारत को अभी तक राफेल मरीन मिला नहीं है।

सरकार ने 40 हजार करोड़ मंजूर किए, 70 प्रतिशत सामान भारत में बनेगा

भारतीय नौसेना को मिलेंगे आठ आधुनिक जंगी युद्धपोत

■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) ने भारतीय जलसेना के लिए 8 नए कॉर्वेट युद्धपोत बनाने की मंजूरी दी है। इस पर 40 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। इन युद्धपोतों में 70 प्रतिशत से ज्यादा सामान भारत में बनाया जाएगा। इससे देश में रक्षा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। पहले युद्धपोत का निर्माण एक साल के भीतर शुरू होने की उम्मीद है। इसे 2030 तक नौसेना को सौंपने का लक्ष्य रखा गया है।

8 युद्धपोतों को सरकारी क्षेत्र की दो कंपनियां बनाएंगी – इन 8 युद्धपोतों को सरकारी क्षेत्र की दो कंपनियां बनाएंगी। इनमें कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) शामिल हैं। दोनों कंपनियों के साथ अगले कुछ दिनों में निर्माण का कॉन्ट्रैक्ट होने की उम्मीद है। अगले 4 से 5 साल में इन युद्धपोतों की डिलीवरी शुरू होने की उम्मीद है। 21 जून को तीन स्वदेशी युद्धपोत भारतीय नौसेना में शामिल किए गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इनका कमीशनिंग समारोह किया था।



आईएनएस दूनागिरी- ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों से लैस | आईएनएस दूनागिरी प्रोजेक्ट-17ए का 5वां स्टील्थ फ्रिगेट वॉरशिप है। इसे नेवी के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है। प्रोडक्शन कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने किया है। जहाज के कमांडिंग ऑफिसर (डिजाइनेट) कैप्टन दिव्य आलोक ने कहा कि दूनागिरी ईस्ट नेवल कमान और ईस्टर्न फ्लीट का हिस्सा बनेगा।

आईएनएस संशोधक- समुद्र का नक्शा और सर्वे करेगा | आईएनएस संशोधक सर्वे वेसल (लार्ज) सीरीज का चौथा जहाज है। इसका काम युद्ध लड़ना नहीं, बल्कि समुद्र का सर्वे करना है। इसे तट और गहरे समुद्र में हाइड्रोग्राफिक सर्वे, समुद्री डेटा कलेक्शन और डिफेंस-सिविल यूज के लिए बनाया गया है। बंदरगाहों और समंदर के रास्तों का सर्वे करना भी इसके मुख्य काम में शामिल है।

आईएनएस अग्रय- दुश्मन की सबमरीन खोजकर नष्ट करेगा | आईएनएस अग्रय अर्नाला क्लास का चौथा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट यानी उथले पानी का वॉरशिप है। इसे हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और एडवांस्ड सोनार सिस्टम से लैस किया गया है, जिससे यह तटों पर तैनात दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें निशाना बना सकता है।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग कार्यक्रम कल

■ राहुल बोले - संविधान बचाने की लड़ाई, 1 नवंबर को रामलीला मैदान में रैली

■ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का विरोध कार्यक्रम बारिश के कारण एक दिन के लिए टाल दिया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को बताया कि दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर प्रस्तावित 'सड़क पर संसद' कार्यक्रम अब शनिवार को होगा। इसके अगले दिन, एक नवंबर को विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली करेगा। राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है। उन्होंने राजनीतिक दलों, छात्र संगठनों और आम लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। 'सड़क पर संसद' कार्यक्रम में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाने की मांग उठाई जाएगी।



एआई और डीपफेक पर कानून मौन हो तो संविधान दिखाएगा राह

■ नई दिल्ली

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डीपफेक जैसी उभरती तकनीकों से पैदा होने वाली कानूनी चुनौतियों पर मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने संविधान की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि जब कानून किसी नए सवाल का स्पष्ट उत्तर न दे, तब अदालतों को संवैधानिक मूल्यों के आधार पर रास्ता तलाशना चाहिए। तकनीक के विकास से व्यक्ति की गरिमा, स्वतंत्रता और समानता के अधिकारों का महत्व कम नहीं होता। न्यायमूर्ति सूर्यकांत शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अदालतों के सामने अब ऐसे प्रश्न आ रहे हैं, जिनकी एक दशक पहले कल्पना करना भी कठिन था।



लश्कर-टीआरएफ से जुड़े आतंकी नेटवर्क के 10 सदस्य गिरफ्तार

■ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शोपियां में आतंकी फंडिंग से जुड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के संबंध लश्कर-ए-तैयबा और उससे जुड़े माने जाने वाले द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपी आम लोगों से गुप्त रूप से धन जुटाकर वित्तीय माध्यमों से आतंकियों तक पहुंचाते थे।

पुलिस को विभिन्न डिजिटल भुगतान मंचों पर संदिग्ध लेनदेन का पता चला था। इनकी जांच के दौरान नेटवर्क की गतिविधियां सामने आईं। आरोप है कि जुटाई गई रकम से आतंकियों को स्मार्टफोन और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती थीं। इस मामले में शोपियां पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में शोपियां के ओवैस शफी नाइकू, तजामुल अहमद शाह, मोज इरबाल, इमदाद यूसुफ गनई और फिरदौस ठोकर शामिल हैं।

मोदी का राहुल गांधी पर तंज, बोले- बनासकांठा के किसान पहले ही आलू से सोना बना रहे

■ बिना नाम लिए आलू से सोना बनाने वाले बयान पर निशाना साधा

■ बनासकांठा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आलू से सोना बनाने वाले बयान पर बिना नाम लिए तंज कसा। उन्होंने कहा कि बनासकांठा का आलू दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां आकर कोई नहीं कहता कि आलू से सोना बनाएंगे, क्योंकि यहां के किसान पहले ही आलू से सोना बना रहे हैं। उनके इस बयान को राहुल गांधी के पुराने बयान पर कटाक्ष के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने किसानों की मेहनत और कृषि क्षेत्र में बनासकांठा की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र के किसानों ने अपनी मेहनत से आलू उत्पादन को नई पहचान दी है। सभा में किसानों के बैठने के लिए कुर्सियों के बजाय चारपाइयों की व्यवस्था की गई थी। इस पर मोदी ने कहा कि गांवों की इस परंपरा को जीवित रखना सराहनीय है। यदि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधियों को बुलाया जाता तो यह आयोजन रिकॉर्ड में दर्ज हो सकता था। मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की।



सिक्किम में वाहन पर गिरीं चट्टानें, दो की मौत

गंगटोक। सिक्किम के मंगन जिले में शुक्रवार को पहाड़ी से चट्टानें गिरने के कारण एक वाहन उनकी चपेट में आ गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब 11 बजे अपर जोंगू के 'फोर्थ माइल' क्षेत्र में एस-टर्निंग के पास हुई। सड़क से गुजर रहे वाहन पर अचानक चट्टानें आ गिरीं। इसकी चपेट में आने से वाहन सवार लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान कल्जांग लेपचा और लाकपा लेपचा के रूप में हुई है।

खरगे के आवास पर पेश होगा सांकेतिक प्रस्ताव, मीरा कुमार करेंगी अध्यक्षता

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया गठबंधन का प्रस्तावित 'जन महाभियोग' कार्यक्रम दिल्ली में बारिश के कारण एक दिन के लिए टाल दिया गया है। अब यह कार्यक्रम शनिवार, 31 अक्टूबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर आयोजित होगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि सभी विपक्षी दलों की सहमति से यह फैसला लिया गया है। प्रस्तावित कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार अध्यक्षता करेंगी।

कामगारों के लिए कल्याणकारी योजनाएं तैयार करना उद्देश्य

कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का गठन

■ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और गिग व प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की दिशा में राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के गठन को अधिसूचित किया है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सामाजिक सुरक्षा संहिता (कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी) के तहत असंगठित श्रमिकों और गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के आधिकारिक गठन की अधिसूचना जारी की है। इस बोर्ड का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के पारंपरिक श्रमिकों के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म और गिग इकॉनमी से जुड़े लाखों कामगारों के लिए लक्षित कल्याणकारी योजनाएं तैयार करना, उनकी निगरानी करना और सरकार को सुझाव देना है।



बोर्ड की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री करेंगे। इसमें केंद्र और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के अलावा एग्रीगेटर कंपनियों, नियोक्ताओं, नागरिक समाज संगठनों, श्रमिक यूनियनों और गिग एवं प्लेटफॉर्म वर्कर्स के संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की बैठक साल में कम से कम तीन बार आयोजित की जाएगी। बैठकों में कामकाज से जुड़े नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा, जिन्हें केंद्र सरकार निर्धारित करेगी।

सुरक्षा योजनाओं की सिफारिश करेगा बोर्ड

बोर्ड केंद्र सरकार को असंगठित श्रमिकों, गिग वर्कर्स और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के अलग-अलग वर्गों के लिए उपयुक्त सामाजिक सुरक्षा योजनाएं तैयार करने की सिफारिश करेगा। इसके अलावा, सामाजिक सुरक्षा संहिता के क्रियान्वयन से जुड़े मामलों पर सरकार को सलाह देना भी इसकी जिम्मेदारी होगी। बोर्ड केंद्र सरकार की ओर से संचालित सामाजिक कल्याण योजनाओं की निगरानी करेगा। साथ ही, राज्य स्तर पर रिकॉर्ड रखने की व्यवस्था की समीक्षा और संबंधित फंड एवं खातों से होने वाले खर्च का आकलन भी करेगा। इसके अलावा केंद्र सरकार समय-समय पर बोर्ड को जो अन्य जिम्मेदारियां सौंपेगी, उनका निर्वहन भी किया जाएगा। सरकार के अनुसार, इस व्यवस्था के जरिए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के साथ गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को भी औपचारिक सामाजिक कल्याण ढांचे से जोड़ने की दिशा में काम किया जाएगा।

बड़गोहना खुर्द में तेज बारिश और तूफान से किसानों की धान की फसल नष्ट , मुआवजे की मांग



इंडिपेंडेंट भारत कौंधियारा/ प्रयागराज आशीष तिवारी

कौंधियारा, प्रयागराज। कौंधियारा के बड़गोहना खुर्द गांव में शुक्रवार को हुई तेज बारिश और तूफान से किसानों की धान की फसल बर्बाद हो गई।

बारिश और तेज हवाओं से किसान राम सूचित भारतीय, मौजी लाल यादव , रामबाबू गुप्ता, राम सूरत, दशरथ उर्फ मधरू कुशवाहा सहित कई किसानों की खड़ी धान की फसल गिरकर नष्ट हो गई है। बताया गया कि परिवार का पालन-पोषण धान की फसल ही एकमात्र सहारा है। पूरा परिवार खेती पर ही निर्भर है। कुछ किसान धान की मड़ाई के लिए फसल की कटाई कर खेत में सुखाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन कटी हुई फसल खेत में पानी भरने से नष्ट हो गई।

पीड़ित किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। किसानों का कहना है कि सरकारी मुआवजा मिलने से ही नष्ट हुई फसल की भरपाई हो सकती है और परिवार का पालन-पोषण संभव हो पाएगा। सेहरा केन्द्र कृषि प्रभारी नगेन्द्र पटेल द्वारा बताया गया की बीमित किसान 72 घंटे में दें फसल नुकसान की सूचना जनपद प्रयागराज बेमौसम बारिश से धान की फसल को हुए नुकसान को देखते हुए कृषि विभाग ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित किसानों को सूचना जारी की है। किसानों को फसल क्षति की जानकारी 72 घंटे के भीतर देनी होगी। कटाई के बाद खेत में सूखने के लिए रखी अधिसूचित धान की फसल को बारिश और तेज हवा से हुए नुकसान की सूचना भी इसी अवधि में देनी होगी। जलभराव से हुई क्षति इसमें शामिल नहीं है। किसान टोल फ्री नंबर 14447 पर काल या वाट्सएप नंबर 7065514447 पर संदेश भेजकर शिकायत कर सकते हैं। क्राप इंश्योरेंस एप, योजना के पोर्टल और जिला कृषि अधिकारी या उप कृषि निदेशक कार्यालय में लिखित आवेदन से भी सूचना दी जा सकती है। शिकायत के समय आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण, पंजीकृत मोबाइल नंबर और बीमा पालिसी के अभिलेख उपलब्ध रखने होंगे। सूचनाओं के आधार पर सर्वेक्षण कर पात्रता के अनुसार क्षतिपूर्ति की कार्रवाई होगी।

हल्की बारिश में भी ग्रामीणों की हो जाती है फजीहत, कच्चे संपर्क मार्ग के बीचों-बीच बन गई नाली जल जीवन मिशन योजना की है देन

इंडिपेंडेंट भारत लालापुर/प्रयागराज राहुल द्विवेदी



लालापुर/ प्रयागराज जनपद के यमुनानगर तहसील बारा विकास खण्ड शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम सभा ओठगी तरहार के राजस्व गांव गिधार में लोगों के आने जाने के लिए आज भी कच्चा संपर्क मार्ग ही है उस पर भी संपर्क मार्ग के बीचो-बीच अत्यधिक बारिश के कारण नाली जैसा बन गया है । जिससे हल्की बारिश में भी इतनी फिसलन बढ़ जाती है कि लोग गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। इस गंभीर समस्या के लिए ए डी ओ पंचायत शंकरगढ़ से बात की गई तो उन्होंने कहा तत्काल ग्राम प्रधान को बोलता हूं। पर दसों दिन बीत गए कुछ भी नहीं हुआ सिर्फ हीला हवाला दे दिया जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्या विकास खण्ड स्तर पर लोगों कि समस्या का समाधान क्या सपना देखना ही है एडीओ पंचायत शंकरगढ़ की बात को ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी नजर अंदाज क्यों कर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही। इन दिनों दो दिन से लगातार हो रही बारिश से पूरे कच्चे संपर्क मार्ग पर फिसलन बढ़ गई है। जिससे ग्रामीणों की बड़ी छीछा लेदर हो रही है। आज फिर एडियो पंचायत से बात की गई तो उन्होंने कहा मैं तुरंत ग्राम प्रधान को फोन लगाता हूं अब देखना यह है कि टाली दो टाली मोरम वगैरह कुछ गिराई जाती है या फिर केवल पहाड़ा ही पढ़ाकर छोड़ दिया जाएगा।

सड़क किनारे मिला महिला का शव, मिलने से सनसनी

अज्ञात वाहन से महिला का शव फेकने की आशंका, जांच मे जुटी पुलिस

रुद्रपुर (देवरिया)। कोतवाली थाना क्षेत्र के कन्हौली गांव के समीप शनिवार शाम सड़क किनारे एक अज्ञात 24 वर्षीय महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन से महिला का शव सड़क किनारे फेंककर चालक फरार हो गया। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर ने बताया कि प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात वाहन से शव फेंके जाने की आशंका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सलेमपुर में पत्रकार एकता समन्वय समिति का सम्मान समारोह आज

देवरिया। पत्रकार एकता समन्वय समिति सलेमपुर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को आज सलेमपुर तहसील सभागार मे किया गया हैं जिसमें सभी पदाधिकारी एवं पत्रकारों को उपस्थित होने की अपील की गई है। जिला अध्यक्ष हरिशंकर गुप्ता ने बताया कि तहसील सभागार में रविवार सुबह 11:30 बजे से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम उपस्थित रहेंगी साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सलेमपुर के उप जिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी,गौरव सिंह,संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वामित्र मिश्रा,केन यूनियन के पूर्व अध्यक्ष अनिल मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार अरुण पांडे जी भी उपस्थित होंगे। जिसमें पत्रकारों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी और पत्रकारों को समय से उपस्थित रहने की अपील की गई है।

बेटी के सम्मान में पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन मैदान में, प्रशासन से न्याय की मांग



रामकोला नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 चित्रगुप्त नगर धुआटीकर में महिला के धरने का मामला सामने आते ही पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन ने संज्ञान लिया। जिलाध्यक्ष महेंद्र पांडेय मौके पर पहुंचे और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की। ग्रामसभा लखुई खड्डा निवासी लाडली जायसवाल का पति प्रेमचंद जायसवाल से विवाद बताया जा रहा है। आरोप है कि पति, सास-ससुर ने मारपीट कर महिला और उसके डेढ़ साल के बच्चे को छोड़कर घर में ताला लगाकर फरार हो गए। महिला तीन दिन से बच्चे के साथ तिरपाल के नीचे धरने पर है। जिलाध्यक्ष ने प्रशासन से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और महिला को न्याय दिलाने की मांग की। मौके पर तहसील अध्यक्ष अरुण दुबे, जितेंद्र श्रीवास्तव, दीपक गोविंद राव, महेश पासवान, बबलू कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

लालापुर से कामतानाथ धाम के लिए आस्था की पदयात्रा आज से शुरू, कार्तिक माह में उमड़ा भक्ति का सैलाब



इंडिपेंडेंट भारत लालापुर/ प्रयागराज राहुल द्विवेदी

लालापुर/प्रयागराज। यमुनानगर अंतर्गत लालापुर क्षेत्र से कामतानाथ धाम की पावन पदयात्रा शनिवार से शुरू हो रही है। कार्तिक माह के पावन अवसर पर निकलने वाली इस अलौकिक यात्रा का इंतजार पूरा क्षेत्र साल भर करता है। यह महज यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, तपस्या और संकल्प का संगम है।हर वर्ष कार्तिक माह में यह पदयात्रा "जय श्री राम" और "कामतानाथ स्वामी की जय" के गगनभेदी जयकारों के साथ शुरू होती है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्व कल्याण और सबके सुख-समृद्धि की कामना है। मान्यता है कि कार्तिक माह में कामतानाथ स्वामी की परिक्रमा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास काल की स्मृतियां ताजा हो जाती हैं।इस वर्ष की पदयात्रा में क्षेत्र के प्रमुख भक्त सतीश शुक्ल, शिवेंद्र पाण्डेय, अखिल पाण्डेय ,रवि यादव, गोनू मिश्र, जुगुन वर्मा, राजू बोस, डॉक्टर शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। भक्त पैदल चलकर चित्रकूट स्थित कामतानाथ धाम पहुंचेंगे।भक्तों के अनुसार यात्रा के दौरान पूरे रास्ते भजन-कीर्तन और रामधुन गूंजती रहेगी। चित्रकूट पहुंचने के बाद सभी भक्त कामदगिरि पर्वत की पंचकोसी परिक्रमा करेंगे। कार्तिक मास में इस परिक्रमा का विशेष पुण्य फल माना गया है।लालापुर से शुरू होने वाली यह ऐतिहासिक पदयात्रा यमुनानगर में आस्था और सनातन संस्कृति का प्रतीक बन गई है। हर साल इसमें शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, जो इस यात्रा की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है।

तीन दिनों से चक्रवात का असर, मौसम ने ली करवट, बारिश और ठंडी हवाओं ने बढ़ाई परेशानी

इंडिपेंडेंट भारत कौंधियारा/प्रयागराज : आशीष तिवारी

जिला प्रयागराज अंतर्गत बारा विधानसभा के कौंधियारा क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से अर्णब चक्रवात के असर के चलते मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर हो रही बूंदाबांदी और बारिश ने ठंड बढ़ा दी है। अचानक बदले मौसम से आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास बढ़ने से लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेने लगे हैं। शनिवार को भी कौंधियारा और जारी के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम का असर साफ देखने को मिला। आसमान में दिनभर बादल छाए रहे और बीच-बीच में बारिश होती रही। तेज हवाओं और बूंदाबांदी के चलते बाजारों में लोगों की आवाजाही कम रही। दुकानदारों, व्यापारियों और रोजमर्रा के काम से घरों से निकलने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

रुक-रुक कर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित, खेतों में खड़ी फसलों को लेकर किसानों की बढ़ी चिंता



बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

मौसम के लगातार बदलते मिजाज ने किसानों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। खेतों में खड़ी फसलों को बारिश और तेज हवाओं से नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। किसानों को चिंता है कि यदि मौसम इसी तरह खराब बना रहा तो फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

वहीं, लगातार तीन दिनों से जारी बारिश और ठंडी हवाओं का असर ग्रामीण जनजीवन पर भी दिखाई दे रहा है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का इस्तेमाल कर रहे हैं। फिलहाल क्षेत्रवासियों को मौसम सामान्य होने और बारिश थमने का इंतजार है।

प्रयागराज में एकता दौड़ बनी जन-आंदोलन, RUN FOR UNITY में रिकॉर्ड भीड़ - सरदार पटेल के संदेश पर उमड़े युवा



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यमुनापार में आयोजित ऐतिहासिक बन गई। भाजपा यमुनापार के जिला उपाध्यक्ष डॉ. देवी सिंह पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस दौड़ में 3 हजार की अपेक्षा करीब 10 हजार लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था।जनसैलाब के कारण कुछ देर के लिए व्यवस्थाएं चरमरा गईं। निर्धारित समय से पहले ही दौड़ शुरू हो गई और प्रमाणपत्र वितरण के दौरान अफरा-तफरी मच गई। आयोजकों ने बताया कि कई बिना पंजीकरण वाले लोग भी भीड़ में शामिल हो गए थे, जिससे प्रबंधन में दिक्कत आई। आयोजक मंडल का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर अव्यवस्था फैलाने का प्रयास किया। आशंका जताई जा रही है कि इस भीड़ का फायदा उठाकर कार्यक्रम को बदनाम करने की साजिश रची गई, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं विजेता धावकों ने आयोजकों का समर्थन किया है। उनका कहना है कि चयन पूरी तरह योग्यता के आधार पर हुआ और उन्हें पूरा सम्मान मिला। डॉ. देवी सिंह पटेल ने कहा, "सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधा था, वही संदेश हम युवाओं तक पहुंचाना चाहते थे। 10 हजार की भीड़ ने साबित कर दिया कि प्रयागराज का युवा राष्ट्रवाद के साथ खड़ा है। छोटी-मोटी अव्यवस्था जन-उत्साह के सामने छोटी है।" कार्यक्रम का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करना था, जो भारी भागीदारी से सफल होता दिखा।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने किया खनिज विभाग का वार्षिक निरीक्षण, राजस्व लक्ष्य पूरा करने के दिए निर्देश

कार्यालय की साफ-सफाई पर जताया संतोष, शासन के निदेशों के अनुपालन पर दिया जोर

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



प्रयागराज। अपर जिलाधिकारी प्रशासन उपमा पाण्डेय द्वारा 31 अक्टूबर 2026 को खनिज विभाग प्रयागराज का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय अध्यक्ष के के राय ज्येष्ठ खान अधिकारी प्रयागराज एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय के विभिन्न पटलों के साथ-साथ कार्यालय की साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया गया, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान पटल सहायकों से उनके पटलों से संबंधित वार्ता भी की गई। निरीक्षणोपरांत खनिज विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं बिंदुओं पर ज्येष्ठ खान अधिकारी के साथ समीक्षा भी की गई। समीक्षा के दौरान निर्देश प्रदान किए गए कि खनन विभाग राजस्व अर्जित करने वाला प्रमुख विभाग है, अतः शासन द्वारा दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप प्रति माह राजस्व अर्जित करते हुए शत-प्रतिशत पूर्ति करना सुनिश्चित करे तथा समय-समय पर शासन एवं निदेशालयों से प्राप्त निदेशों का भी अनुपालन सुनिश्चित करे।

शंकरगढ़ में डॉलर वाली कमाई का झांसा! गरीबों की गाढ़ी कमाई पर संकट, होटल-ढाबे में पार्टी देकर निवेश का कथित जाल

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



शंकरगढ़,प्रयागराज। कम समय में पैसा डबल और मोबाइल पर डॉलर में कमाई का सपना दिखाकर शंकरगढ़ क्षेत्र में लोगों को निवेश के कथित जाल में फंसाने का मामला सामने आ रहा है। आरोप है कि अमीर बनने की चाह रखने वाले पूंजीपति और दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार चलाने वाले गरीब दोनों ही इसके निशाने पर हैं।ग्रामीणों के अनुसार मोबाइल पर डॉलर का बैलेंस और बढ़ते मुनाफे के स्क्रीनशॉट दिखाकर लोगों से भारतीय रुपये में नकद लिया जा रहा है। जिन लोगों को मोबाइल चलाना भी ठीक से नहीं आता, वे भी एक थाली भोजन और बड़े सपनों के चक्कर में अपनी वर्षों की जमा पूंजी लगाने को तैयार हो रहे हैं।आरोप है कि इस कथित खेल के लिए महंगे होटल, रेस्टोरेंट और शिवराजपुर के एक चर्चित ढाबे पर दावत दी जाती है। जीआईसी शंकरगढ़ के सामने एक ज्वेलर्स की दुकान पर रोजाना बैठक होने की चर्चा भी जोरों पर है। हालांकि इन स्थानों पर गैरकानूनी गतिविधि की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कुछ निजी संस्थानों के कर्मी और वाहन चालक भी इस नेटवर्क से जुड़े हैं, जो अपने रिश्तेदारों और परिचितों को जोड़ रहे हैं। इस तरह एक से कई लोग इस चेन में फंस सकते हैं।सबसे बड़ा सवाल यही है कि डॉलर में कमाई का आधार क्या है? किस कंपनी में पैसा लग रहा है? क्या कोई वैध कारोबार है? ग्रामीणों ने प्रयागराज पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि पूरे नेटवर्क, लेनदेन और डिजिटल प्लेटफॉर्म की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि गरीबों की मेहनत की कमाई सुरक्षित रह सके।

नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में ब्याज माफी योजना और जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक संपन्न

>> व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण पर हुई चर्चा, संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निर्देश

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला व्यापार बंधु समिति एवं ब्याज माफी योजना के प्रचार-प्रसार से संबंधित बैठक आयोजित हुई।

बैठक में राज्य कर विभाग के संयुक्त आयुक्त कार्यपालक अच्छेलाल विश्वकर्मा एवं उपायुक्त राज्य कर खंड-10 अनिल कुमार मिश्रा के साथ-साथ जनपद के विभिन्न व्यापार मंडलों के प्रतिनिधि, व्यापारी, अधिवक्ता तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।नगर मजिस्ट्रेट द्वारा पूर्व की बैठकों में व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं शिकायतों के निस्तारण के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों से बिंदुवार आख्या प्राप्त की। जिन मामलों में व्यापारी बंधु कृत कार्यवाही से पूर्णतया संतुष्ट थे उन्हें निक्षेपित किया गया। शेष मामलों में पुनः गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।विद्युत विभाग को व्यापारियों एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ शीघ्र बैठक कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर निगम, पुलिस विभाग, आबकारी विभाग, लोक निर्माण विभाग से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया। सोरांव से संबंधित मामलों में व्यापारीगण से वार्ता कर मामलों का शीघ्रता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु उपजिलाधिकारी सोरांव को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए।

करछना में लौह पुरुष को नमन - हीरालाल इंटर कॉलेज से देवरी तक गूंजा भारत माता का जयकारा, निकली भव्य तिरंगा यात्रा

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



करछना/प्रयागराज। भारत के लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर करछना क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। प्रयागराज समाज उत्थान समिति कचरी द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व समिति के प्रबंधक डॉ. कुलभूषण सिंह पटेल ने किया। विशाल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हीरालाल पटेल इंटर कॉलेज, हिनौता से हुआ। अयोध्या प्रसाद और एसआई विकास सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। सैकड़ों छात्र-छात्राएं, युवा और ग्रामीण हाथों में तिरंगा लेकर "जब तक सूरज चांद रहेगा, सरदार तेरा नाम रहेगा" के नारों के साथ आगे बढ़े।यात्रा का समापन देवरी खुर्द में स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल पर हुआ। यहां अंगूरा देवी और रेशमा विंद ने दीपदान कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान महोरी राजकुमार पटेल ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान एसआई विकास सिंह, जय सिंह पटेल, सुशील पटेल, देवराज पटेल, राम शिरोमणि बिंद, रजवंत पटेल, अनूप पटेल, राकेश पटेल और दिवाकर पटेल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।समिति द्वारा सभी को राष्ट्रध्वज और मास्क वितरित किए गए और लोगों से अपने घरों पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया।डॉ. कुलभूषण ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को जोड़कर अखंड भारत का निर्माण किया, उनके एकता के मंत्र को युवाओं तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। अंत में जय सिंह पटेल के नेतृत्व में मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

खेरहट खुर्द में स्वास्थ्य को नई सौगात - बारा विधायक ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रसव यूनिट का किया शुभारंभ

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



जसरा/प्रयागराज। बारा विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को बड़ी सौगात मिली है। जसरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मझियारी कला के खेरहट खुर्द गांव में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रसव यूनिट का भव्य शुभारंभ शनिवार को हुआ। बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया।उद्घाटन समारोह में ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह, बीडीओ शिवम सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुरेश प्रसाद और डिप्टी सीएमओ प्रमोद कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इस प्रसव केंद्र के खुलने से जसरा और शंकरगढ़ क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को अब प्रसव के लिए प्रयागराज या बारा भागना नहीं पड़ेगा। उन्हें अपने गांव के पास ही 24 घंटे सुरक्षित प्रसव सुविधा मिलेगी।उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य ढांचा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रसव के साथ ही सामान्य इलाज, जांच और टीकाकरण की सुविधा भी मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर डॉ. शिवेंदु सिंह, डॉ. आनंद मिश्रा, डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. विष्णु तिवारी, एडीओ पंचायत विनोद कुमार तिवारी, राकेश सिंह, संजीव पांडेय, नीरज केसरवानी सहित बड़ी संख्या में आशा बहुएं, एएनएम और ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विधायक का आभार जताया।

कुशीनगर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी 30 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार, मचा हड़कप

गोरखपुर सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने पडरौना स्थित कार्यालय से रंगे हाथ पकड़ा, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में मांगी थी 50 हजार रुपये की रिश्वत

इंडिपेंडेंट भारत



ब्यूरो,कुशीनगर। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गोरखपुर सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने शनिवार को कुशीनगर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शांति प्रकाश द्विवेदी को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी अधिकारी को पडरौना स्थित पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय, विकास भवन से गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई 31 अक्टूबर 2026 को शिकायत के आधार पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुशीनगर जिले के बरवाजना पाटक निवासी दिनेश कुमार गुप्ता ने उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकारी सहायता प्राप्त करने के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि योजना के तहत सहायता राशि दिलाने के नाम पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शांति प्रकाश द्विवेदी ने उनसे 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने रिश्वत देने से इनकार करते हुए अधिकारी से काफी अनुरोध किया। इसके बाद कथित तौर पर रिश्वत की रकम घटाकर 30 हजार रुपये कर दी गई। शिकायतकर्ता भ्रष्टाचार के इस मामले में रिश्वत देने के बजाय आरोपी अधिकारी को रंगे हाथ पकड़वाना चाहता था। इसी उद्देश्य से उसने गोरखपुर स्थित सतर्कता अधिष्ठान के पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत की।

शिकायत की जांच के बाद गठित हुई ट्रैप टीम

शिकायत मिलने के बाद सतर्कता अधिष्ठान ने मामले की जांच की। आरोपों की पुष्टि होने पर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर ट्रैप टीम गठित की गई। टीम का नेतृत्व निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय ने किया। टीम में निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, निरीक्षक विद्याशंकर पाण्डेय, निरीक्षक महेन्द्र, निरीक्षक शहीद अहमद, उपनिरीक्षक ईश्वर यादव, उपनिरीक्षक मिथिलेश सिंह, उपनिरीक्षक रविन्द्र पाल, मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार यादव, मुख्य आरक्षी चन्द्रसेन गौतम, उपनिरीक्षक चालक कृष्ण कुमार सिंह और मुख्य आरक्षी चालक वकील यादव शामिल रहे।

कार्यालय में रिश्वत लेते ही दबोचा

शनिवार को ट्रैप टीम ने पडरौना स्थित पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय, विकास भवन में कार्रवाई की। शिकायतकर्ता दिनेश कुमार गुप्ता से 30 हजार रुपये नकद रिश्वत लेते हुए डॉ. शांति प्रकाश द्विवेदी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। सतर्कता अधिष्ठान के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

भ्रष्टाचार की शिकायत के लिए हेल्पलाइन जारी

सतर्कता अधिष्ठान ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी या अधिकारी सरकारी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी शिकायत भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन नंबरों पर की जा सकती है।

सड़क सुरक्षा पर डीएम सख्त, 15 दिन में कार्ययोजना के निर्देश

ब्लैक स्पॉट सुधारने, अवैध कट और पार्किंग पर कार्रवाई करने को कहा

इंडिपेंडेंट भारत



कुशीनगर। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए संबंधित विभागों को 15 दिनों के भीतर ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर हुए सुधारात्मक कार्यों और हाटा में फ्लाईओवर निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर उसका प्रभाव दिखना चाहिए। उन्होंने दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों में कमी का विभागवार आकलन करने को कहा। जिलाधिकारी ने जनपद की सभी सड़कों का रोड मैप तैयार करने, दुर्घटना संभावित स्थलों का चिह्नांकन करने तथा अवैध कट, पार्किंग और अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही घायलों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों और एंबुलेंस की मैपिंग करने को कहा। एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग को रोड साइनेज, रंबल स्ट्रिप लगाने तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुधार कार्य प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया। अनफिट स्कूल वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा।

डीएम ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर आमजन का जीवन सुरक्षित किया जा सके।

एसपी केशव कुमार के नेतृत्व में 453 नेपाली नागरिकों को मिला नया जीवन, नेपाल दूतावास ने पत्र भेजकर जताया आभार

शिवाकांत पाण्डेय



कुशीनगर। जनपद कुशीनगर में फर्जी नेटवर्किंग स्कीम के जाल में फंसे 453 नेपाली नागरिकों को सुरक्षित बचाने के लिए कुशीनगर पुलिस द्वारा की गई त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की नेपाल दूतावास ने सराहना की है। नई दिल्ली स्थित नेपाल दूतावास की ओर से कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, को आधिकारिक पत्र भेजकर उनके नेतृत्व और पुलिस टीम के मानवीय प्रयासों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया गया है। नेपाल दूतावास की द्वितीय सचिव तारा शर्मा द्वारा 12 अक्टूबर 2026 को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि कुशीनगर जनपद में फर्जी नेटवर्किंग योजना में फंसे कुल 453 नेपाली नागरिकों को उत्तर प्रदेश पुलिस ने त्वरित और समन्वित कार्रवाई करते हुए सुरक्षित बचाया। इनमें 115 महिलाएं और 338 पुरुष शामिल थे। पत्र में कहा गया है कि पुलिस की तत्परता और बेहतर समन्वय के चलते सभी नागरिकों को सुरक्षित बचाकर नेपाल के रुपनदेही स्थित जिला पुलिस कार्यालय को सौंपा गया। इस पूरी कार्रवाई में एसपी के नेतृत्व और अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल की विशेष सराहना की गई है। नेपाल दूतावास ने अपने पत्र में कहा कि इस तरह की मानवीय कार्रवाई से भारत और नेपाल के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और मैत्रीपूर्ण संबंध और मजबूत हुए हैं। साथ ही मानव तस्करी, शोषण और धोखाधड़ी जैसी गतिविधियों से ५४'ल्लीश्ुंी नागरिकों की सुरक्षा के प्रति उत्तर प्रदेश पुलिस की प्रतिबद्धता की भी सराहना की गई। दूतावास ने भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा जताते हुए एसपी केशव कुमार के प्रति सम्मान और आभार प्रकट किया है। नेपाल दूतावास से मिला यह आधिकारिक प्रशंसा पत्र कुशीनगर पुलिस की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई सराहना और मानवीय पुलिसिंग के प्रयासों को रेखांकित करता है।

दिव्यांग पेंशन अब दो किस्तों में आएगी, लाभार्थी न हों भ्रमित

इंडिपेंडेंट भारत

कुशीनगर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 से पेंशन की राशि रठअ रढअफ्लल पोर्टल के माध्यम से भेजी जा रही है। नई व्यवस्था के तहत केंद्र और राज्य सरकार के अंश का भुगतान अलग-अलग समय पर बैंक खातों में हो सकता है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित इस योजना को भारत सरकार के निर्देश पर रठअ रढअफ्लल पोर्टल पर ऑनबोर्ड किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों की पेंशन में केंद्र सरकार का अंश शामिल है, उन्हें केंद्र सरकार की ओर से 300 रुपये और राज्य सरकार की ओर से 700 रुपये प्रतिमाह मिलते हैं। इस प्रकार त्रैमासिक पेंशन में केंद्र का 900 रुपये और राज्य का 2,100 रुपये का अंश अलग-अलग भुगतान फाइलों के माध्यम से भेजा जाएगा।अधिकारी ने दिव्यांग पेंशन के सभी लाभार्थियों से अपील की है कि पेंशन की धनराशि अलग-अलग समय पर प्राप्त होने पर भ्रमित न हों। यह भुगतान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 181 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

पथरदेवा में 170 हिंदू और 11 मुस्लिम जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न, कृषि मंत्री ने दिया वर वधुओं को आशीर्वाद

विनय कुमार गुप्ता



देवरिया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, पथरदेवा के प्रांगण में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कुल 181 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें 170 हिंदू एवं 11 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में तरकुलवा ब्लॉक प्रमुख राम आशीष गुप्ता, नगर पंचायत तरकुलवा के अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा, भाजपा नेता प्रभात सिंह, रणधीर सिंह गोलू, दिनेश प्रसाद, संजय सिंह, रामायन साहनी, ग्राम प्रधान रविंद्र खरवार, उषा यादव, रमाशंकर कुशवाहा, राम आशीष प्रसाद, राजू भारती, जीवन पति त्रिपाठी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कुशीनगर रमाशंकर यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सभी वर्गों के ऐसे गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए सहायता प्रदान की जाती है, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक है। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर कुल एक लाख रुपये व्यय किए जाते हैं।

खेसरिया में पंचायत की दुकानों के आवंटन पर उठे सवाल, प्रधान और सचिव से जवाब तलब

पुरानी दुकानों को तोड़कर बनाई गईं चार नई दुकानें, आरोप है कि बिना निर्धारित प्रक्रिया के तीन दुकानों का कर दिया गया आवंटन

अर्जुन मौर्या/इंडिपेंडेंट भारत

कुशीनगर। विशुनपुरा विकासखंड की ग्राम पंचायत खेसरिया में पंचायत भवन परिसर की दुकानों के निर्माण और आवंटन को लेकर कथित अनियमितता का मामला सामने आया है। जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार प्रियदर्शी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन ग्राम प्रधान/प्रशासक किरण देवी और ग्राम पंचायत सचिव सलमान खुर्शीद को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर साक्ष्यों सहित लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार, ग्राम पंचायत खेसरिया के पंचायत भवन परिसर में पुरानी दुकानों को तोड़कर चार नई दुकानों का निर्माण कराया गया। आरोप है कि ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित आवंटन प्रक्रिया का पालन किए बिना मनमाने तरीके से तीन दुकानों का आवंटन कर दिया गया। इन दुकानों पर वर्तमान में कब्जा होने की बात भी नोटिस में कही गई है।

आवंटन प्रक्रिया पर उठे सवाल

नोटिस में उल्लेख किया गया है कि दुकानों का आवंटन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नहीं किया गया। आरोप है कि वित्तीय नियमों का अनुपालन किए बिना दुकानों का आवंटन कर सरकारी धन का निजी हित में उपयोग किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने संबंधित लोगों से आरोपों के संबंध में अपना पक्ष स्पष्ट करने को कहा है।

सात दिन में साक्ष्यों सहित देना होगा जवाब

जारी नोटिस में तत्कालीन ग्राम प्रधान/प्रशासक किरण देवी और ग्राम पंचायत सचिव सलमान खुर्शीद को निर्देश दिया गया है कि वे आरोपों के संबंध में अपना लिखित स्पष्टीकरण और आवश्यक साक्ष्य सात दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें। नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि जवाब में किसी तथ्य या व्यक्ति का उल्लेख किया जाता है, तो उसके समर्थन में साक्ष्य भी प्रस्तुत करना होगा।

जवाब नहीं मिलने पर होगी विधिक कार्रवाई

जिला पंचायत राज अधिकारी ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समयसीमा में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर यह माना जाएगा कि संबंधित लोगों को आरोपों के संबंध में कुछ नहीं कहना है। ऐसी स्थिति में उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

एसपी केशव कुमार ने पुलिसकर्मियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

सरदार पटेल की जयंती पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा का संकल्प लिया

इंडिपेंडेंट भारत





कुशीनगर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान पुलिसकर्मियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने तथा राष्ट्र की संप्रभुता के प्रति निष्ठा रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर एसपी केशव कुमार ने पुलिसकर्मियों से सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा में सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सभी पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी से कार्य करें।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा, क्षेत्राधिकारी कार्यालय वीरेन्द्र कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

रोजगार मेले में 416 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन

कप्तानगंज में 16 कंपनियों ने लिया साक्षात्कार, विधायकों ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

इंडिपेंडेंट भारत



ब्यूरो,कुशीनगर। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज, कप्तानगंज में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कैरियर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 16 निजी कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 607 अभ्यर्थियों ने विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार दिया। इनमें से 416 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया।रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड एवं विशिष्ट अतिथि हाटा विधायक मोहन वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दोनों विधायकों ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए तथा कंपनियों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। मेले में एलएंडटी कंस्ट्रक्शन, एलएंडटी फाइनेंस, एलआईसी, फ्लिपकार्ट, जयभारत मारुति और क्वेस कॉर्प सहित 16 कंपनियों ने एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, सुपरवाइजर, मशीन ऑपरेटर, सेल्स ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर और प्रोडक्शन ऑपरेटर जैसे पदों के लिए साक्षात्कार लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत कप्तानगंज अध्यक्ष विजय कुमार खेतान, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरेराम गुप्ता, कॉलेज के प्रधानाचार्य राम प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंदन कुमार गोंड ने किया। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मेले का उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। 416 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन युवाओं के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

एमएम सेंट्रल एकेडमी के विद्यार्थियों ने निकाली रन फॉर यूनिटी रैली

राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का दिया संदेश, अतिथियों ने विद्यार्थियों को दिलाया एकता का संकल्प



नेबुआ नौरंगिया (कुशीनगर)। भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एमएम सेंट्रल एकेडमी, नेबुआ रायगंज के छात्र-छात्राओं की ओर से भव्य रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) एवं जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता, भाईचारे और देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेबुआ नौरंगिया थाना के उपनिरीक्षक दिनेश साहनी, विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप पांडेय, महिला निरीक्षक ममता मौर्य तथा कांस्टेबल प्रदीप मौर्य एवं निधि यादव उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। उनके आदर्श आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आपसी भाईचारा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक प्रवीण पांडेय, शीतल सिंह, अजय गुप्ता, संजय मिश्रा एवं शुभम मिश्रा सहित समस्त शिक्षकगण कार्यक्रम में मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर डीएम ने दिलाई एकता की शपथ

सरदार पटेल को श्रद्धांजलि, मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बांटे फल और जानी स्वास्थ्य सुविधाएं

इंडिपेंडेंट भारत



कुशीनगर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर शनिवार को कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। डीएम ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, दृढ़ इच्छाशक्ति और नेतृत्व का प्रेरणादायक उदाहरण है। देशी रियासतों के एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के कारण उन्हें लौह पुरुष कहा जाता है। उनके विचार आज भी राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। इसके बाद जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और उनके उपचार, दवाओं तथा अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी चन्द्र प्रकाश को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज, आवश्यक दवाएं और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने मेडिकल कॉलेज में आवश्यक उपकरणों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कमियों को दूर करने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराने को कहा। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर मंडलायुक्त ने दिलाई शपथ, सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने का किया आह्वान

मंडलायुक्त कार्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम, अधिकारियों-कर्मचारियों ने एकता और अखंडता बनाए रखने का लिया संकल्प

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



प्रयागराज। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर मंडलायुक्त कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त डॉ लोकेश एम ने अपर आयुक्त त्रिभुवन एवं जयजीत कौर की उपस्थिति में कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई।इस दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति समर्पित रहेंगे तथा देशवासियों के बीच आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक समरसता की भावना को बढ़ावा देंगे। साथ ही बिना किसी भेदभाव के राष्ट्रहित एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे।मंडलायुक्त ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता से देश की रियासतों का एकीकरण कर राष्ट्रीय एकता की मजबूत नींव रखी। उनके आदर्श आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सरदार पटेल के विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी सद्भाव और वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

परीक्षार्थियों ने दी पीईटी की परीक्षा

14 परीक्षा केंद्रों पर कुल 4656 अभ्यर्थियों में महज 3001 परीक्षार्थी ही पहुंचे

■ परीक्षार्थियों की उपस्थिति पर दिखा मौसम के बदलते मिजाज

■ बाराबंकी

अचानक बदले मौसम का प्रभाव पीईटी की परीक्षा पर शुक्रवार को देखने को मिला। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अर्नव चक्रवाती तूफान के भय का असर परीक्षार्थियों पर साफ देखने को मिला।

सुबह की पाली में 14 केन्द्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई जिसमें कुल 4656 परिक्षार्थियों में से महज 3001 परिक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे।1655 परिक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी ।35.55 प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित रहे। सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे और हल्की बारिश होती रही । वावजूद इसके परीक्षा देने



परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

आते परिक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच कर परीक्षा देने का फैसला किया। जबकि दूसरी पाली में कुल 4,656 पंजीकृत अभ्यर्थी में महज 3,001 परिक्षार्थी परीक्षा देने पहुंच, जबकि 1655 परिक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी उपस्थिति प्रतिशतः 64.45% जबकि अनुपस्थिति प्रतिशतः 35.55% रहा ,प्रशासन की तरफ से डीएम ईशान प्रताप सिंह और एसपी रवीना त्यागी ने परीक्षा केंद्रों पर जाकर निष्पक्ष और पूरी परिदर्शिता के साथ परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश देते रहे । परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किये गये थे।दोनों अधिकारियों ने जमीलउर रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज तथा फतेहचंद जगदीश राय इंटर कॉलेज, सफदरगंज पहुंचकर प्रवेश द्वार पर चेकिंग, सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा कक्षों का जायजा लिया। डीएम और एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा में नकल और किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी। एसपी ने अभ्यर्थियों के साथ शालीन व्यवहार रखने की बात कही ताकि उन्हें परीक्षा देने में अनावश्यक परेशानी न हो। अधिकारियों ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया।

पहली पाली परीक्षा के आंकड़ों पर एक नजर

कुल परीक्षा केंद्र : 14
कुल पंजीकृत परीक्षार्थी : 4656
परीक्षा में उपस्थित : 3001
अनुपस्थित परीक्षार्थी : 1655
उपस्थिति प्रतिशत : 64.45%
अनुपस्थिति प्रतिशत : 35.55%

आर्थिक लेन-देन के विवाद में नितेश की हत्या की साजिश! पांच हिरासत में

बाराबंकी। बड़ूपुर थाना क्षेत्र के नितेश मौर्य हत्याकांड में पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, साजिश की परतें खुलने के संकेत मिल रहे हैं। प्रारंभिक विवेचना में आर्थिक लेन-देन के विवाद को हत्या की मुख्य वजह मानते हुए अन्य व्यक्तियों के माध्यम से वारदात को अंजाम दिलाने की साजिश के सूत्र सामने आए हैं। पुलिस ने अब तक पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सीतापुर पुलिस के साथ समन्वय बनाकर सीसीटीवी फुटेज, वाहनों की आवाजाही और डिजिटल साक्ष्यों की पड़ताल की जा रही है। 29 अक्टूबर को नितेश मौर्य की मौत के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में ऐसे संकेत मिले हैं कि हत्या की योजना कुछ समय पहले से बनाई जा रही थी। हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज को अहम कड़ी मानकर जांच कर रही है। पुलिस आर्थिक लेन-देन के विवाद समेत सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है।

भजनों की स्वर लहरियों से भक्तिमय हुआ देवा



कलाकारों ने बांधा समां।

■ बाराबंकी

देवा मेला एवं प्रदर्शनी की सांस्कृतिक संध्या शुक्रवार को भक्ति संगीत के नाम रही। स्वरोही आर्ट ग्रुप की निदेशिका पूजा पाण्डेय और उनकी टीम ने जब सुरों के साथ भजनों की प्रस्तुति शुरू की तो पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा।

कभी कृष्ण भक्ति की मधुर धुनों ने श्रोताओं को भावविभोर किया तो कभी हनुमान वंदना ने उनमें जोश और श्रद्धा का संचार किया।कार्यक्रम की शुरुआत 'कान्हा मुरली की तान सुना दे' भजन से हुई। इसके बाद 'श्याम के बिना तुम आधे' और 'गगरिया तोड़ दी मेरी' जैसे भजनों ने कृष्ण भक्ति की छटा बिखेरी। वहीं 'जय जय बजरंग बली' और 'वीर हनुमान अति बलवान' की प्रस्तुति पर पंडाल तालियों से गूंज उठा। कलाकारों के सुर, संगीत और भावपूर्ण गायन ने श्रोताओं को देर तक अपनी जगह बांधे रखा।पूजा पाण्डेय के साथ विशाल पाण्डेय, अभिषेक कश्यप, सुरेंद्र यादव, बेबी स्वरोही, अनुष्का पाण्डेय, जितेंद्र कुमार, हरि शंकर, मान्य कश्यप और अंजली ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। हर भजन के साथ श्रोताओं की तालियां कलाकारों का उत्साह बढ़ाती रहीं।

नौनिहालों के नृत्य-संगीत और अभिनय ने मोहा मन



बाराबंकी। देवा मेला शुक्रवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और खुशियों के रंगों से सराबोर नजर आया। देवा ऑडिटोरियम में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित समूह नृत्य, एकल गायन और एकांकी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी कला का ऐसा प्रदर्शन किया कि दर्शक तालियां बजाने को मजबूर हो गए। किसी ने नृत्य की मनमोहक मुद्राओं से दिल जीता तो किसी ने सुरीली आवाज और जीवंत अभिनय से सबका मन मोह लिया ।जनपद के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

संक्षिप्त समाचार

हादसे में अमेठी के दीपू शुक्ला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

अमेठी। जिले के संग्रामपुर क्षेत्र के धनापुर सत्य गांव निवासी प्रदीप उर्फ दीपू शुक्ला (पुत्र रामआसरे शुक्ला) की 29 अक्टूबर की शाम रायबरेली जिले के डीह के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है ।दीपू की मौत से परिजनों को गहरा सदमा लगा है। परिवार के लिए यह क्षति अपूरणीय है। जिस घर में रोजमर्रा की जिंदगी चल रही थी, वहां अचानक मातम छा गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव के लोग भी शोक जताने के लिए पहुंचने लगे। दीपू को जानने वाले लोग इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं ।रायबरेली में हुए हादसे ने अमेठी के एक परिवार को गहरे दुख में डुबो दिया। दीपू की असमय मौत से परिजनों और करीबियों के बीच शोक की लहर है। हालांकि, दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

विद्यालय से पढ़ाकर लौट रही शिक्षिका से मारपीट, मुकदमा दर्ज

भियांव,अंबेडकरनगर। कटका थाना क्षेत्र में एक निजी विद्यालय से पढ़ाकर घर लौट रही शिक्षिका प्रगति के साथ रास्ते में गाली-गलौज और मारपीट मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिक्षिका का आरोप है कि बुधवार को दोपहर करीब तीन बजे रामपुर कला के पास पवन यादव निवासी सिपाह ने उन्हें रोककर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कटका थानाध्यक्ष अक्षय कुमार पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

डीएम से मिले बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव



सुलतानपुर। अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शारदा प्रसाद मिश्रा और महासचिव सूर्यनाथ यादव ने बृहस्पतिवार को कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह एवं एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान अधिवक्ता हितों के संरक्षण और न्यायिक प्रक्रिया के सुचारु संचालन को लेकर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों को अधिवक्ता हित और न्याय व्यवस्था के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के सहयोग के बिना न्यायिक प्रक्रिया का प्रभावी संचालन संभव नहीं है। उन्होंने अधिवक्ताओं से भी प्रशासन को समुचित सहयोग देने की अपेक्षा की। इस पर बार पदाधिकारियों ने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। एडीएम वित्त एवं राजस्व ने भी सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष करुणा शंकर पांडेय, उपाध्यक्ष शालिनी तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रभान तिवारी समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



आलापुर, अंबेडकरनगर। सुंदरपुर में सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ कलश शोभा यात्रा के साथ हुआ। गांव से निकलकर कलश यात्रा सरयू तट रामबाग घाट पहुंची। जिसमें सैकड़ों महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों ने भाग लिया। घाट पर वैदिक मन्त्रोच्चार से पुरोहित एवं कथा वाचक राकेश त्रिपाठी पूजा अर्चना के बाद पवित्र सरयू नदी का जल लेकर भक्त जयकारों के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचे। मुख्य यजमान रामजनम गोस्वामी ने सपत्नीक मंत्रोचार के बीच कलश स्थापना किया। कथा वाचक राकेश त्रिपाठी ने बताया कि 4 नवम्बर को पूर्णाहुति हवन होगी और 5 नवम्बर को विशाल भंडारा आयोजित किया गया है।

सैनिक स्कूल को 98 करोड़ की मंजूरी पहली किस्त में मिले 18 करोड़ रुपये

■ गौरीगंज-अमेठी

कोहार स्थित सैनिक स्कूल के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। स्कूल के दूसरे चरण के निर्माण के लिए शासन ने 98 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। पहली किस्त के रूप में 18 करोड़ रुपये भी जारी कर दिए गए हैं। इससे वर्षों से विस्तार की प्रतीक्षा कर रहे सैनिक स्कूल परिसर में आधुनिक सुविधाओं के विकास की उम्मीद बढ़ गई है।दूसरे चरण में छात्रावास से लेकर खेल सुविधाओं तक का विस्तार किया जाएगा। इसके तहत 21 तरह के निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं। इनमें ऑडिटोरियम, एक हजार लोगों की क्षमता वाला बहुउद्देशीय सभागार, जिम्नेजियम, परेड मैदान और टाइप-दो व टाइप-तीन आवास शामिल हैं। इसके साथ ही स्वीमिंग पूल परिसर, भूमिगत जल टंकी और सीवेज शोधन संयंत्र का भी निर्माण कराया जाएगा।

■ छात्रावास, ऑडिटोरियम, जिम्नेजियम और खेल मैदानों का होगा निर्माण 21 तरह की सुविधाओं से संवरेगा परिसर

खेल सुविधाओं का भी होगा विस्तारविद्यार्थियों के शारीरिक विकास और खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा खेल मैदान, पीटी मैदान और पीटी शेड भी बनाए जाएंगे। परिसर में शॉपिंग सेंटर की सुविधा भी प्रस्तावित है।

133 करोड़ का भेजा गया था प्रस्ताव : डीएम शशांक चौधरी ने बताया कि स्वीकृत धनराशि से छात्रावास, बहुउद्देशीय सभागार, शौचालय और अन्य भवनों का निर्माण कराया जाएगा।

दीपावली से पहले पटाखा दुकानों की जांच, सुरक्षा में लापरवाही पर सख्ती के निर्देश

सुलतानपुर। दीपावली पर पटाखों की बिक्री और भंडारण को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। शुक्रवार को सीओ नगर राघवेन्द्र सिंह और एसडीएम सदर गरिमा सोनकिया ने कोतवाली नगर और बंधुआकलां थाना क्षेत्र में पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने दुकानों के लाइसेंस और संबंधित अभिलेखों की जांच की। साथ ही सुरक्षा मानकों के पालन में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को निर्धारित नियमों के अनुसार ही पटाखों का भंडारण और बिक्री करने के निर्देश दिए। आग से बचाव के लिए समुचित इंतजाम रखने और सुरक्षा संबंधी सावधानियों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है। दीपावली के मद्देनजर अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों को भी सतर्क रहने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

अर्नब तूफान से धान की फसल को नुकसान, सर्वे के लिए राजस्व टीमें तैनात

अमेठी। जिले में शुक्रवार को दिनभर हुई झमाझम बारिश और अर्नब तूफान के असर से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। खेतों में तैयार धान की फसल भीग रही है, जबकि करीब 25 फीसदी किसानों की फसल अब भी खेतों में है। कई स्थानों पर तेज हवाओं से धान जमीन पर बिछ गया है। इससे किसानों को नुकसान की चिंता सताने लगी है ।संग्रामपुर, भवसिंहपुर, नेवादा, इंटौरी और भैरोपुर समेत आसपास के गांवों में लगातार बारिश से आवागमन प्रभावित रहा। सड़कों पर वाहनों की आवाजाही कम रही और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। ग्राहक नहीं पहुंचने से व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हुआ। किसानों के सामने फसल बचाने के साथ पशुओं के चारे की व्यवस्था करना चुनौती बन गया है ।फसल को हुए नुकसान को देखते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व टीमों को सर्वे के लिए लगाया है। टीमें प्रभावित क्षेत्रों में जाकर नुकसान का आकलन करेंगी। जिला मुख्यालय के आसपास कई गांवों में धान की फसल जमीन पर बिछी नजर आई है।

गौरीगंज से 2027 का चुनाव लड़ने की तैयारी में मटियारी

■ अमेठी

गौरीगंज विधानसभा सीट पर 2027 के चुनाव को लेकर भाजपा नेता चंद्रप्रकाश मटियारी ने दावेदारी का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि पार्टी नेतृत्व गौरीगंज से उन्हें प्रत्याशी बनाएगा। वह चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं और उन्हें भरोसा है कि जनता के बीच रहकर किए जा रहे प्रयासों का लाभ मिलेगा। उन्होंने चुनाव जीतकर आने का भी दावा किया।



चंद्रप्रकाश मटियारी

राकेश प्रताप सिंह के भाजपा में शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते हुए मटियारी ने कहा कि इससे पार्टी का परिवार बढ़ा है। नए लोगों के जुड़ने से संगठन का विस्तार होता है। यह उनके और पार्टी दोनों के लिए अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि राकेश प्रताप सिंह के आने को सकारात्मक रूप में देखा जाना चाहिए।

पार्टी बदलने की चर्चाओं को किया खारिज

पार्टी बदलने की अटकलों पर मटियारी ने स्पष्ट कहा कि ऐसी चर्चाओं में कोई सच्चाई नहीं है। वह भाजपा में हैं और भाजपा में ही रहेंगे। उन्होंने यहां तक कहा कि वर्ष 2047 तक भाजपा में बने रहेंगे। उनके मुताबिक, पार्टी बदलने का कोई सवाल ही नहीं है।

जनता के बीच रहना बताते हैं प्राथमिकता

मटियारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के लोगों के बीच रहना, उनकी समस्याओं को जानना और उनका समाधान कराना है।

सहजीपुर पंचायत भवन में मनाया गया पीएम किसान उत्सव, किसानों में दिखा उत्साह

संग्रामपुर (अमेठी)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी होने के अवसर पर शुक्रवार को विकासखंड संग्रामपुर की न्याय पंचायत सहजीपुर स्थित पंचायत भवन में पीएम किसान उत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरात के बनासकांठा से आयोजित कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा किसान परिवारों के खातों में सम्मान निधि की किस्त हस्तांतरित किए जाने की जानकारी मिलने पर किसानों में उत्साह देखने को मिला ।कार्यक्रम का आयोजन सहायक कृषि अधिकारी संग्रामपुर चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय की देखरेख में किया गया। इसमें किसानों को ई-केवाईसी, आधार सीडिंग और एग्रीस्टैक पोर्टल पर फार्मर आईडी बनवाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और उनसे मिलने वाले लाभों के बारे में भी बताया गया।

पीईटी परीक्षा में पांच हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने किया किनारा



परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेती जिलाधिकारी ईशा प्रिया।

■ अंबेडकरनगर

जनपद के सभी 23 परीक्षा केंद्रों पर प्रारंभिक अर्हता परीक्षा आज निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने तथा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए तथा परीक्षा प्रक्रिया की निरंतर निगरानी की गई। दोनों पालियों में कुल 19 हजार 632 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 14 हजार 213 लोगों ने परीक्षा दी। जबकि 5 हजार 419 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने परीक्षा केंद्र राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, अकबरपुर का औचक निरीक्षण कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।जनपद के सभी 23 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन हेतु उपजिलाधिकारीगण एवं नामित सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे।

मूसलाधार बारिश भी नहीं डिगा सकी आस्था जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा इसौली क्षेत्र

■ सुलतानपुर

आसमान से बरसती मूसलाधार बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह को नहीं डिगा सकी। इसौली विधानसभा क्षेत्र में निकली भव्य कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। सिर पर कलश धारण किए पीत वस्त्रों में सजी महिलाओं की भागीदारी और जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। बल्दीराय तहसील के सिंहनी गांव स्थित अमृत गार्डेन में राजन महाराज की श्री सीताराम कथा के शुभारंभ से पूर्व शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा गनापुर से पारा बाजार होते हुए इसौली गांव स्थित गोमती नदी के निजामुद्दीन पावन तट पहुंची। यहां से श्रद्धालु पारा बाजार, गनापुर, बल्दीराय और बहुरावां होते हुए कथा स्थल अमृत गार्डेन पहुंचे। पूरी यात्रा के दौरान बारिश का सिलसिला जारी रहा, लेकिन श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ।



कलश यात्रा में जिपंअ ऊषा सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह।

रामकथा श्रवण से मिलता है जीवन को सही दिशा : बजरंगदास



कादीपुर सुलतानपुर। भारतीय संस्कृति में श्रीराम कथा केवल धार्मिक आख्यान नहीं है । यह जीवन को आदर्श, मर्यादा और संस्कारों की राह दिखाने वाला दिव्य माध्यम है। राम कथा सुनने से जीवन को सही दिशा का संदेश मिलता है। यह बातें राष्ट्रीय संत बाबा बजरंगदास दास ने कहीं ?। वह जूनियर हाईस्कूल मैदान में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रामकथा के श्रवण से मनुष्य को जीवन के वास्तविक उद्देश्य का बोध होता है और उसके विचारों में सकारात्मक परिवर्तन आता है। बालव्यास सम्पूर्णानंद ने श्रद्धालुओं को रामकथा के महात्म्य से अवगत कराया।

बे मौसम बरसात से प्रभावित हुई किसानों की फसल

अंबेडकरनगर। मौसम की बेरुखी ने किसानों की दिनचर्या पर ब्रेक लगा दिया है। लगातार बदलते मौसम और बेमौसम बारिश के चलते खेतों में खड़ी तथा कटाई के लिए तैयार धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर खेतों में पानी भरने और फसल गिरने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होने लगा है ।किसानों का कहना है कि धान की फसल तैयार करने में खाद, बीज, सिंचाई और मजदूरी पर काफी खर्च करना पड़ा था। अच्छी पैदावार की उम्मीद लगाए किसान अब मौसम की मार से परेशान हैं। बारिश के कारण खेतों में नमी बढ़ने से कटाई और मड़ाई का काम भी प्रभावित हो गया है। जिन किसानों ने धान की कटाई कर ली थी, उन्हें भी फसल सुखाने और सुरक्षित रखने में परेशानी उठानी पड़ रही है। बर्फीली हवा और बरसात से ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। खेतों में कामकाज ठप होने के साथ ही पशुओं के चारे की समस्या भी सामने आने लगी है।

सरयू में पति-पत्नी ने हाथ बांधकर लगाई छलांग, गोताखोरों ने बचाई जान

■ अयोध्या

धर्मनगरी अयोध्या के गुप्तार घाट पर शुक्रवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से आए एक पति-पत्नी ने एक-दूसरे के हाथ बांधकर सरयू नदी में छलांग लगा दी। नदी की तेज धारा और गहरे पानी के बीच दोनों की जिंदगी दांव पर लग गई।

गनीमत रही कि घाट पर मौजूद गोताखोरों की टीम ने बिना वक्त गंवाए नदी में छलांग लगा दी और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना थाना कैंट क्षेत्र के गुप्तार घाट पर शाम करीब चार बजे की है। दंपती की पहचान सुधीर श्रीवास्तव और उनकी पत्नी अर्चना श्रीवास्तव (45) निवासी भोपाल के रूप में हुई है। नदी में कूदने से पहले दोनों ने अपने हाथ एक-दूसरे से बांध रखे थे। इसके बाद दोनों ने सरयू की गहराई में छलांग लगा दी। इस असामान्य घटनाक्रम से घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। दंपती को डूबता देख मौके पर मौजूद गोताखोर अमरजीत निषाद, आनंद राज निषाद, अमन निषाद, राजकुमार निषाद और रामकुमार निषाद ने तत्काल नदी में छलांग लगा दी। गहरे पानी में चले गए पति-पत्नी को बाहर निकालने के लिए गोताखोरों ने जान की बाजी लगाकर रेस्क्यू अभियान चलाया। उनकी सूझबूझ और तत्परता के चलते दोनों को सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया गया। इस बचाव अभियान में भगवान दीन निषाद, प्रदीप निषाद और जल्दू निषाद समेत अन्य गोताखोरों ने भी सहयोग किया। बाद में दोनों को मीरन घाट महिला चौकी प्रभारी किरण पाल और सिपाही रमन शर्मा के सुपुर्द कर दिया गया।

साइबर ठगों ने विधायक के उड़ाए 24 हजार रुपये

अयोध्या। साइबर ठगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब जनप्रतिनिधि भी इनके निशाने पर हैं। रुदौली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रामचंद्र यादव को भी एक शातिर ठग ने भावनात्मक जाल में फंसाकर 24 हजार रुपये की चपत लगा दी। ठग ने पिता की मुंबई में मौत होने और शव को गांव लाने के लिए एम्बुलेंस में डीजल डलवाने का बहाना बनाया। हैरानी की बात यह रही कि ठगी का खुलासा तब हुआ, जब विधायक कथित शोकाकुल परिवार से संवेदना जताने मवई जाने की तैयारी कर रहे थे ।जानकारी के मुताबिक, एक व्यक्ति ने विधायक रामचंद्र यादव के मोबाइल पर फोन कर खुद को मवई निवासी अमित कुमार बताया। उसने कहा कि उसके पिता का मुंबई में निधन हो गया है और शव को घर लाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था करनी है। इसके लिए डीजल भरवाने के नाम पर उसने विधायक से 18 हजार रुपये की आर्थिक मदद मांगी। कथित पीड़ित की परेशानी सुनकर विधायक ने अपने सहयोगी विकास कुमार से आर्थिक सहायता भेजने को कहा।

मौसम ने बिगाड़ा खेती का पंचांग

किसानों के खेतों में बिछी धान की फसल

■ रुदौली अयोध्या

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर रामनगरी अयोध्या के ग्रामीण इलाकों में भी दिखाई देने लगा है। तेज हवाओं के साथ हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की खेती का पंचांग ही बिगाड़ कर रख दिया है।

रुदौली तहसील क्षेत्र में खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल जमीन पर बिछ गई है। कहीं धान की बालियां मिट्टी में दब गई हैं तो कहीं खेतों में पानी भरने से फसल खराब होने का खतरा पैदा हो गया है। मौसम की इस मार ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। गुरुवार रात से शुरू हुआ तेज हवाओं और रुक-रुककर बारिश का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। इसका सबसे ज्यादा असर रुदौली तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में देखने को मिला। गौरियामऊ, मुजफ्फरपुर, कसारी, अशरफपुर गंगरेला, गनोली और रौजागांव सहित कई गांवों में खेतों में तैयार धान की फसल तेज हवाओं के चलते गिर गई। किसान जिस फसल को काटकर घर लाने की तैयारी कर रहे थे, वह खेतों में ही बिछ गई। किसानों के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती खेतों में गिरी फसल को समेटने की है। खड़ी फसल की तुलना में जमीन पर गिरी धान की कटाई में अधिक मेहनत और समय लगेगा। खेतों में लगातार नमी बनी रहने और पानी भरने से धान की बालियों के खराब होने, दानों में अंकुरण आने और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो नुकसान का दायरा और बढ़ सकता है।किसान रविशंकर पांडेय, वीरेंद्र मिश्रा, देवतादीन, सुखदेव और रमेश पांडेय ने बताया कि धान की फसल पूरी तरह तैयार थी। कटाई शुरू करने की तैयारी चल रही थी, लेकिन अचानक तेज हवा और बारिश ने फसल को जमीन पर गिरा दिया। किसानों का कहना है कि खेती में पहले ही खाद, बीज, सिंचाई और मजदूरी पर भारी खर्च हो चुका है। ऐसे में फसल खराब होने से लागत निकालना भी मुश्किल हो सकता है।



बरसात से खेतों में गिरी धान की फसल ।

लेखपाल करेंगे नुकसान का सर्वे

फसलों को हुए नुकसान को लेकर प्रशासन भी सक्रिय हुआ है। रुदौली के एसडीएम विनोद गुप्ता ने बताया कि तहसील क्षेत्र में फसलों को हुए नुकसान का आकलन लेखपालों के माध्यम से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल क्षेत्र में किसी प्रकार की जनहानि या पशुहानि की सूचना नहीं मिली है।

संक्षिप्त समाचार

विद्यार्थियों ने किया रेल संग्रहालय व पुलिस स्मारक का भ्रमण



राष्ट्रीय रेल संग्रहालय एवं पुलिस स्मारक का भ्रमण करते इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी व शिक्षक।।

खुर्जा। मुंडाखेड़ा स्थित इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाजपा नेत्री एडवोकेट रंजन सिंह के नेतृत्व में नई दिल्ली के राष्ट्रीय रेल संग्रहालय और राष्ट्रीय पुलिस स्मारक का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने भारतीय रेल के विकास, देश के इतिहास तथा पुलिस जवानों के साहस, त्याग और बलिदान की जानकारी प्राप्त की। रंजन सिंह ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ देशभक्ति, अनुशासन और समाज सेवा के संस्कार देना उनका संकल्प है।

दो केंद्रों पर बनेंगे और अपडेट होंगे आधार कार्ड

बुलन्दशहर। जनपद में नागरिकों को आधार सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए दो केंद्र संचालित हैं। स्क्रक्रमॉल स्थित ढ्ढष्टढ्ढ आधार सेवा केंद्र और शुभम लॉज के पास, आवास विकास-1, डीएम रोड स्थित ष्टस्ष्ट आधार सेवा केंद्र पर नामांकन व अपडेट की सुविधा मिलेगी। यहां नाम, पता, जन्मतिथि, फोटो और बायोमेट्रिक अपडेट के साथ 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का नया आधार बनवाया जा सकता है। प्रशासन ने नागरिकों से लंबित आधार अपडेट कराने तथा निर्धारित सरकारी शुल्क देकर रसीद लेने की अपील की है।

सड़क हादसे में मृत मोनू पाठक के घर पहुंचे विधायक, दी श्रद्धांजलि



मोनू पाठक के परिजनों को सांत्वना देते विधायक चंद्रपाल सिंह।

नरौरा। नरौरा के मोहल्ला काक्ष्यान निवासी मोनू पाठक (40) की कसेर में सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा बुधवार रात करीब नौ बजे हुआ। गुरुवार को डिबाई विधायक चंद्रपाल सिंह उनके आवास पर पहुंचे और पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव साथ देने की बात कही। इस दौरान किताब सिंह यादव, परमानंद निषाद सहित भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

अवकाश के बावजूद खुले रहे निजी स्कूल, आदेशों की अनदेखी



अवकाश के बावजूद खुलता निजी विद्यालय।

जहांगीराबाद। पीईटी-2026 के मद्देनजर 30 अक्टूबर को घोषित शैक्षणिक अवकाश के बावजूद जहांगीराबाद नगर और आसपास के क्षेत्रों में कुछ निजी विद्यालय खुले रहने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अवकाश के दिन विद्यालयों में विद्यार्थियों को बुलाकर नियमित शिक्षण कार्य कराया गया। अमरगढ़ क्षेत्र के ग्राम करयारी स्थित एक पब्लिक स्कूल में भी अवकाश के बावजूद कक्षाएं संचालित होने की बात सामने आई है। आदेश के अनुसार, अवकाश के दौरान शिक्षकों एवं कर्मचारियों को परीक्षा संबंधी आवश्यक कार्यों का निर्वहन करना था। मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जानकारी कर विभागीय कार्रवाई करने की बात कही है। अब देखना होगा कि आदेशों की कथित अवहेलना करने वाले विद्यालयों के खिलाफ विभाग क्या कदम उठाता है।

मकान गिरने से दो की मौत, बुजुर्ग महिला बचाई



मकान गिरने के बाद राहत व बचाव कार्य में जुटी टीमें।

छतारी। कस्बा छतारी में गुरुवार देर रात एक मकान गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को सकुशल बचा लिया गया। सूचना पर पुलिस, प्रशासन, अग्निशमन विभाग और नगर पंचायत की टीमों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और एमडीआरवी की टीमों को भी सूचना दी गई। मलबे से चंद्रवती (70) पत्नी दुर्गाप्रसाद को निकालकर उपचार के लिए सीएचसी दानपुर और बाद में मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ भेजा गया। वहीं, राजेश (36) पुत्र दुर्गाप्रसाद और सचिन (17) पुत्र ज्ञानचंद को गंभीर हालत में निकाला गया, जहां सीएचसी दानपुर में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एनडीआरएफ की टीम ने मलबे में अन्य किसी व्यक्ति के दबे न होने की पुष्टि की। मौके पर कानून-व्यवस्था सामान्य रही।

अलीगढ़ को हराकर जीती क्रिकेट ट्रॉफी

छतारी। काशीराम स्टेडियम रावण ग्राउंड में आयोजित स्मार्ट सिटी असगरपुर क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में छतारी की टीम ने अलीगढ़ को 33 रनों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए छतारी ने सात विकेट पर 99 रन बनाए। जवाब में अलीगढ़ की टीम 66 रन पर ऑलआउट हो गई। मैच का शुभारंभ आजाद समाज पार्टी के संभावित प्रत्याशी राशिद खान, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी भारत विकास, एडवोकेट अजय कुमार और भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष अमित गौतम ने फीता काटकर किया। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष आरिस खान, अलतश रजा, बृजेश कुमार, मनिंदर कुमार, समीर खान, अनुज कुमार, राज गौतम और इमरान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दिल्ली रैली की सफलता को सपा ने बनाई रणनीति

बुलन्दशहर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को जिलाध्यक्ष मतलूब अली की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली को सफल बनाने और बुलन्दशहर से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। बैठक का संचालन जिला महासचिव कृष्णपाल यादव ने किया। युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरि ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर रैली में भाग लेने की अपील की। जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता रैली को सफल बनाने के लिए जुट जाएं। बैठक में पूर्व विधायक जितेन्द्र यादव, चौधरी होशियार सिंह व महेन्द्र वाल्मीकि, पूर्व मंत्री अब्दुल रब सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विवाहिता की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

बुलन्दशहर। गांव कुड़वल बनारस में 26 वर्षीय अनु माहुर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, पति की नशे की लत और घरेलू परेशानियों से तंग आकर आत्महत्या की आशंका भी जताई जा रही है। अनु की शादी वर्ष 2018 में धर्मेंद्र से हुई थी। उनके दो बेटियां और एक बेटा हैं। मां की मौत से तीनों मासूम बच्चों के सिर से साया उठ गया। मौत की वास्तविक वजह जांच के बाद स्पष्ट होगी।

छात्रावास निर्माण में मिलीं खामियां जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश, गुणवत्ता जांच के बिना भवन का हस्तांतरण नहीं होगा

■ अलीगढ़।

जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने शुक्रवार, 30 अक्टूबर को राजकीय होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज में यूपीआरएनएसएस द्वारा निर्माणाधीन छात्रावास का निरीक्षण किया। मौके पर कम संख्या में श्रमिक मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कई कमियां मिलीं। लोहे की ग्रिल पर रेड ऑक्साइड का प्रयोग नहीं होने से जंग लगी पाई गई। वहीं छत पर ढाल सही नहीं होने के कारण जलभराव की आशंका जताई गई। छत पर निर्माण सामग्री और मलबा जमा मिलने पर उसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए।भवन में अग्निशमन यंत्र भी स्थापित नहीं मिले। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि निर्माण पूरा होने के बाद इन्हें लगाया जाएगा। भवन के आसपास गंदगी और मलबा मिलने पर डीएम ने नियमित साफ-सफाई कराने को कहा।परियोजना प्रबंधक योगेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि छात्रावास निर्माण पूरा करने की निर्धारित समयसीमा अप्रैल 2027 है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्माण में सभी कमियों को दूर कर मानकों के अनुरूप कार्य कराया जाए। गुणवत्ता की जांच और सत्यापन के बिना भवन का हस्तांतरण स्वीकार नहीं किया जाएगा।



यूपीआरएनएसएस द्वारा निर्माणाधीन छात्रावास का निरीक्षण जिलाधिकारी अविनाश कुमार।

जिलाधिकारी और एसएसपी ने जिला कारागार का किया संयुक्त निरीक्षण

■ अलीगढ़।

जिलाधिकारी अविनाश कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने शुक्रवार, 30 अक्टूबर को जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के रहन-सहन, खानपान और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न बैरकों में बंदियों से संवाद किया। कारागार चिकित्सालय में चिकित्सक एसएच रिजवी ने बताया कि वहां 25 बंदी उपचार करा रहे हैं, जिनमें चार हाथरस के हैं। अधिकारियों ने बंदियों को समुचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को फ्रूट और चॉकलेट वितरित किए गए।इस दौरान जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह, जेलर विकास कटियार, डिप्टी जेलर सुमरा अंसारी, अली अदनान, अंकित वैसला और निखिल श्रीवास्तव मौजूद रहे।



जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण करते डीएम अविनाश कुमार और एएसएसपी नीरज कुमार जादौन।

वाल्मीकि महोत्सव मेला आज, हास्य कलाकार सानंद वर्मा और किशोर भानुशाली करेंगे मनोरंजन

■ रामलीला मैदान में विभिन्न प्रतियोगिताओं और सम्मान समारोह का होगा आयोजन

■ अलीगढ़



रामलीला मैदान में भव्य महर्षि वाल्मीकि महोत्सव आयोजन की जानकारी देते संस्थापक संयोजक संदेश राज

महर्षि वाल्मीकि महोत्सव मेला समिति की ओर से आज रामलीला मैदान में भव्य महोत्सव मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में मशहूर धारावाहिक 'भाभीजी घर पर हैं' के अभिनेता सानंद वर्मा और हास्य कलाकार किशोर भानुशाली मंच से लोगों का मनोरंजन करेंगे।महोत्सव में मेहंदी, रंगोली, रूप-सज्जा, चित्रकला और समूह नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन एटा के पूर्व सांसद राजवीर सिंह (राजू भैया), अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम, हाथरस सांसद अनूप प्रधान और महापौर प्रशांत सिंघल सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा।इस अवसर पर चिकित्सकों, समाजसेवियों, अधिवक्ताओं और उद्योगपतियों को सम्मानित भी किया जाएगा। संस्थापक संयोजक संदेश राज ने बताया कि मेले का उद्देश्य समाज में समरसता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है।

शिक्षा और शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ जनादेश : अखिलेश यादव

■ लखनऊ



प्रेसवार्ता को संबोधित करते सपा मुखिया अखिलेश यादव।

एमएलसी चुनाव में जीत से उत्साहित अखिलेश यादव ने षड्यंत्र और धांधली का आरोप लगाते हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के सफाये का दावा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की साजिशों को कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने नाकाम कर दिया। यह परिणाम भाजपा की शिक्षा और शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ जनादेश है।

सपा मुख्यालय में शुक्रवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अखिलेश ने आरोप लगाया कि सरकार ने 26 हजार प्राथमिक स्कूल बंद कर दिए और करीब 27 हजार शराब के ठेके खुलवा दिए। उन्होंने कहा कि 20 हजार से अधिक पेपर लीक हुए तथा सरकारी नौकरियों में 11 हजार से अधिक आरक्षित पदों पर हक मारा गया।

उन्होंने कहा, 20 से अधिक परीक्षाओं के पेपर लीक हुए और सरकारी नौकरियों में 11 हजार से अधिक आरक्षित पदों पर हक मारा गया। महिला शिक्षकों ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया है। सपा सरकार बनने पर केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। वाराणसी में भाजपा की हार को डबल इंजन की दोहरी हार बताते हुए कहा कि अब पार्टी में भगदड़ मचेगी। उन्होंने चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप लगाए और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग दोहराई। इस दौरान नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य लाल बिहारी यादव, डॉ. मान सिंह यादव, डॉ. आकाश अग्रवाल, कांती सिंह, आशुतोष सिन्हा और फैजाबाद-गोरखपुर शिक्षक क्षेत्र से प्रत्याशी संजयन त्रिपाठी, सांसद सनातन पाण्डेय, डॉ. एसपी सिंह पटेल, जासमीर अंसारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, श्याम लाल पाल, विधायक रविदास मेहरोत्रा, अनिल प्रधान, अम्बिका चौधरी, जयसिंह जंयत, विनीत कुशवाहा, संतोष यादव 'सनी' यादव, रामवृक्ष यादव, असीम अरूण, उदयवीर सिंह, पूजा शुक्ला, समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

राकेश कश्यप को निषाद पार्टी में मिली प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी

एटा। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष व्यास मुनि निषाद ने एटा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कश्यप को प्रदेश कार्यसमिति में क्षेत्रीय मंत्री मनोनीत किया है। वह करीब चार वर्षों तक एटा जिलाध्यक्ष रहे हैं।

उनके मनोनयन पर कासगंज जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, विधायक विपिन वर्मा डेविड, विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, विधायक संजीव दिवाकर और पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, कृष्ण गोपाल, कश्यप, ठा. अजय पाल, डॉ. सुभाष शाक्य, डॉ राजेश गौड, डा. देवेश शर्मा, हरेंद्र राजपूत, ठा. अजीत सिंह, असद अब्बास, हरिश्चंद्र कश्यप, संतोष कश्यप, मनोज, पं. सुभाष उपाध्याय, गौरीशंकर, गुहराज कश्यप, डा. पुष्पेंद्र सिंह, राजू, कु. सर्वेश सहित भाजपा व निषाद पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण, लेकिन निर्भीकता से करें-ओम प्रकाश



प्रदेश उपाध्यक्ष का स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत करते राज नारायण सिंह व अन्य।

■ अलीगढ़।

■ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में पत्रकारों को किया प्रेरित

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि पत्रकारिता में समर्पण, साहस और सिद्धांतों के प्रति निष्ठा जरूरी है। चुनौतियों और धमकियों के बावजूद पत्रकारों को अपनी कलम से समझौता नहीं करना चाहिए और निर्भीकता से अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।वह सोमवार को दुबे पड़ाव स्थित होटल वृन्दावन में आयोजित संगठन की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने पत्रकारिता जीवन के अनुभव साझा करते हुए नई पीढ़ी के पत्रकारों को धैर्य और मिशन भावना के साथ कार्य करने की सलाह दी। मंडल अध्यक्ष राज नारायण सिंह और महासचिव विवेक शर्मा ने भी विचार रखे। जिला उपाध्यक्ष सत्या पंडित ने संगठनात्मक अनुभवों को साझा किया, जबकि पंकज शर्मा ने आभार जताया। इस दौरान श्री गणेश मंदिर के पीठाधीश्वर विनय नाथ और ललित वार्ष्णेय ने प्रदेश उपाध्यक्ष का स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। बैठक में संगठन के कई पदाधिकारी और पत्रकार मौजूद रहे।

जनगणना के द्वितीय चरण के लिए प्रगणक और सुपरवाइजरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



जयपुरिया स्कूल में संचालित प्रशिक्षण का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

■ कासगंज

■ जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण

■ जनगणना कार्य पूरी शुद्धता, समयबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ सम्पन्न कराने के दिए निर्देश

जनपद कासगंज में भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के अंतर्गत नियुक्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने डायट स्थित जयपुरिया स्कूल, कासगंज में संचालित प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण में उपस्थित कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध राष्ट्रीय दायित्व है। सभी कार्मिक प्रशिक्षण को गंभीरता एवं ध्यानपूर्वक ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में बताई गई प्रक्रियाओं एवं दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरी शुद्धता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण स्थल पर स्वच्छता एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

धूमधाम से निकली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा

एटा। कस्बा अवागढ़ में जैन समाज की ओर से श्रद्धा और भक्ति के साथ श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ श्री दिगंबर जैन मंदिर से हुआ। अध्यक्षता अंशुल जैन ने की। शोभायात्रा में जैन समाज के महिला, पुरुष और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।बैंड-बाजों की मधुर धुन और आकर्षक झांकियां शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहीं। शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर जलेसर रोड सहित कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने श्री जी की आरती उतारकर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे कस्बे में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरुण जैन, उपाध्यक्ष राकेश जैन, कोषाध्यक्ष नितिन जैन, अंकित जैन, महामंत्री प्रियांशु जैन (गोलू), मंत्री धनदेव जैन, सौरभ जैन, प्रिंस जैन, संगठन मंत्री रजन जैन, अंकुश जैन, प्रचार मंत्री विकास जैन, लेखा निरीक्षक अंकित जैन (आरडी), सुमन जैन, धन्य कुमार जैन, जिया लाल जैन, अरुण जैन, मुकेश जैन, राजवीर जैन, राजेश जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

जीएसटी ब्याज माफी योजना से व्यापारियों को राहत

औरंगाबाद। स्टेट हाईवे स्थित एडवोकेट गौरव कुमार अग्रवाल के कार्यालय पर शुक्रवार को वाणिज्य कर विभाग की ओर से जीएसटी कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें असिस्टेंट कमिश्नर रामसिंह यादव ने व्यापारियों को बकाया टैक्स पर ब्याज और जुर्माना माफी योजना की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि 10 लाख रुपये तक के बकाया टैक्स पर ब्याज व पेनल्टी में 100 प्रतिशत तथा इससे अधिक बकाये पर अधिकतम 90 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान है। उन्होंने व्यापारियों से समय पर टैक्स जमा करने, रिटर्न दाखिल करने और जरूरी दस्तावेज अपडेट रखने की अपील की।कार्यशाला में पुनीत सिंघल ने बकाया टैक्स जमा कर योजना का लाभ उठाया, जबकि रहबर सिंह की समस्या का समाधान किया गया। वाणिज्य कर अधिकारी प्रवीण श्रीवास्तव ने भी कर संबंधी जानकारी दी।

सोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव बने अभिषेक गौतम

■ खैर



अभिषेक गौतम एडवोकेट।

अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज शर्मा के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अमित अवस्थी ने खैर के मोहल्ला गौतमान निवासी अभिषेक गौतम एडवोकेट को पार्टी का प्रदेश सचिव नियुक्त करते हुए आगरा अलीगढ मंडल का दायित्व भी सोंपा है।

नया दायित्व सोंपे जाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष अमित अवस्थी ने पार्टी की नीतियों एंव उददेश्यों का प्रचार प्रसार करने तथा अधिक से अधिक प्राथमिक, सक्रिय व पदाधिकारियों को शामिल किए जाने को कहा है। साथ ही सामाजिक जनकल्याण का कार्य करते हुए पार्टी हित में संगठन की मजबूती के लिए कार्य किए जाने का आव्हान किया है। वहीं अभिषेक गौतम ने तन मन से पार्टी के लिए कार्य करने तथा सर्वाधिक लोगों को पार्टी से जोडने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। उनके मनोनयन पर वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येन्द्र शर्मा, हरिकांत कौशिक, सिविल बार के पूर्व अध्यक्ष बृजवासीलाल सारस्वत, पूर्व अध्यक्ष ठा0 अमर सिंह, ललित मिश्रा, भगवती प्रसाद पाली, अनूप गिरि गोस्वामी, संजय दिवाकर, राहुल वशिष्ठ, अनिल पंडित, हिमांशू कुशवाहा, कुलदीप लुहानियां आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

रासलीला में मीरा के श्रीकृष्ण प्रेम की लीला का हुआ मंचन

एटा। श्री सात्विक विष्णु महायज्ञ के तहत प्राथमिक पाठशाला परिसर में चल रही रासलीला में गुरुवार देर रात मीरा के कृष्ण प्रेम का भावपूर्ण मंचन किया गया। गोवर्धन-वृंदावन धाम से आए गिर्राज आदर्श रासलीला मंडल के कलाकारों ने भक्ति, त्याग और समर्पण की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। गुरुवार और शुक्रवार की मध्यरात्रि पूतना वध की लीला के बाद मीरा के चरित्र का मंचन हुआ। कलाकारों ने दिखाया कि मीरा बचपन से ही भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानती थीं। विपरीत परिस्थितियों और सांसारिक बंधनों के बावजूद उनकी कृष्ण भक्ति अटूट रही। उनके लिए गिरधर गोपाल ही सर्वस्व थे। कलाकारों ने भजनों, संवादों और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से मीरा के समर्पण को जीवंत किया। बीच-बीच में पंडाल जयकारों से गूंजता रहा। प्रस्तुति देखने के लिए बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। इस दौरान प्रदीप गुप्ता, सूर्यकांत गुप्ता, मुन्ना बाबू गुप्ता, रामविलास वर्मा, मुन्ना गुप्ता, मोनी और अनिल गुप्ता सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

दस लाख लेकर भागे मुनीम का नहीं लगा सुराग

■ पुलिस की टीम दे रही है दबिश

■ जल्द बरामद होने की उम्मीद-एसएचओ

■ खैर।

अनाज मंडी के आढती के दस लाख रूपया लेकर लापता हुए मुनीम का कोई सुराग नही लग सका है। हालांकि खैर पुलिस की टीमें लापता मुनीम की तलाश में विभिन्न स्थानों पर दबिश दे रही है।

बता दें कि अनाज मंडी में ओमप्रकाश शर्मा के नाम से आढत की दुकान है। 29 अक्टूबर की सुबह आढती चित्रवीर शर्मा ने खैर के उपाध्याय मोहल्ला निवासी मुनीम दर्पण राठौर को बारह लाख रूपये का आईसीआईसीआई बैंक का चेक कैश कराने भेजा था।



लापता मुनीम।

मुनीम ने बैंक से बारह लाख रुपये निकाले, लेकिन मुनीम ने अपने थैले में केवल दस लाख रुपये रखे और दो लाख रुपये बैंक मैनेजर के पास छोड़कर आढती की बाइक लेकर बैंक से चला गया। किन्तु वापस अनाज मंडी नही पहुंचा। तो आढती ने मुनीम के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन मुनीम का मोबाइल स्विच ऑफथा। अन्य लोगों व मुनीम के पिता के साथ आढती बैंक पहुंचे तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सीसीटीवी फुटेज में मुनीम को टेंटी गांव रोड की ओर जाते हुए देखा गया। मामले में आढती ने मुनीम के खिलाफ कोतवाली खैर में मुकदमा दर्ज कराया है। शुक्रवार को पीडित आढती ने खैर पुलिस से सम्पर्क कर लापता मुनीम को तलाश कराने की गुहार लगाई है। खैर पुलिस की मानें तो लापता मुनीम की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। जल्द ही मुनीम को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। कस्बे मे चर्चा है कि लापता मुनीम की कुछ रकम शेयर मार्केट में डूब गई है।

सुभाषितम्

अश्वस्य भूषणं वेगो मत्तं स्याद गजभूषणम्।
चातुर्यं भूषणं नार्या उद्योगो नरभूषणम्॥

तेज चाल घोड़े का आभूषण है, मत्त चाल हाथी का आभूषण है, चातुर्य नारी का आभूषण है और उद्योग में लगे रहना नर का आभूषण है।

संपादकीय

खुल गई पोल

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल हमेशा से ही ईवीएम से मतदान कराने को लेकर सवाल उठाते रहे हैं, यही नहीं अब तो वे मुख्य चुनाव आयुक्त को भी निशाना बना रहे हैं। अपनी चुनावी पराजय और जनाधार में आ रही गिरावट से ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष द्वारा ऐसा माहौल बनाया जाता है कि चुनावी मैदान में हार वैचारिक या जनसमर्थन की कमी के कारण नहीं, बल्कि सुनियोजित धांधली के कारण हुई है। लेकिन इस बार गठबंधन द्वारा प्रस्तावित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली से पहले ही उसे बड़ा झटका लगा है। कर्नाटक विधान परिषद की स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की चारों सीटों पर भाजपा-जेडी(एस) गठबंधन की जीत से सत्तारूढ़ कांग्रेस को झटका लगा है, नतीजों के बाद अधूरे वादों, शिक्षकों की पेंशन, वित्तीय प्रबंधन और सूखा राहत जैसे मुद्दे चर्चा में हैं। दिलचस्प बात यह है कि बैलेट पेपर से हुए इस चुनाव में भी कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। दरअसल, पहले 28 सीटों में से कांग्रेस के पास 4 सीटें थीं। इनमें से 3 सीटें कांग्रेस के हाथ से निकल गईं। कांग्रेस इन चुनावों में सिर्फ नागपुर की सीट जीत पाई, जो पहले से इसके पास थी। इस सीट पर अभिजीत वंजारी ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल की। इन 28 में से 16 सीटों पर एनडीए को जीत मिली। चार राज्यों में विधान परिषद की 28 सीटों के लिए 23 अक्टूबर को वोटिंग हुई थी। गौरतलब है कि विधान परिषद में कांग्रेस के उपनेता और पांच बार के एमएलसी पुट्टना की हार ने राहुल गांधी की फजीहत करा दी। पुट्टना पहले तीन बार जेडीएस के टिकट पर विधान परिषद पहुंचे थे। बाद में कांग्रेस में शामिल होने के बाद वह लगातार दो कार्यकाल तक पार्टी के टिकट पर एमएलसी चुने गए। इस बार उनकी हार से कांग्रेस को इस सीट पर निराशा हाथ लगी। इस चुनाव क्षेत्र में कलबुर्गी भी शामिल है, जो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का गृह क्षेत्र भी है। भाजपा की इस जीत को खरगे के क्षेत्र में पार्टी की पकड़ कमजोर होने का संकेत माना जा रहा है। वहीं, वेस्ट ग्रेजुएट्स निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के एसवी संकनूर ने कांग्रेस के पूर्व एमएलसी मोहन लिम्बिकायी को पराजित किया। इस जीत के साथ संकनूर ने भी अपना दबदबा कायम रखा। अब सवाल यह उठता है कि यदि ईवीएम से चुनाव कराने पर धांधली होती है तो बैलेट पेपर से हुए चुनाव में भी क्या धांधली हुई है। लगातार होती पराजय के चलते विपक्ष ने तो बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की थी, यदि धांधली हो रही होती थी तो विपक्ष को बैलेट पेपर से हुए चुनाव में अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव जीतना था जो कि नहीं है। इससे स्पष्ट है कि विपक्ष ईवीएम को लेकर जो उंगलियां उठा रहा था, वह सही नहीं है। यदि ईवीएम में धांधली कर मोदी सरकार चुनाव जीत रही है तो फिर बैलेट से उसकी हार क्यों नहीं हुई?

पाती

विरोध के नाम पर विवाद की राजनीति

नसीरुद्दीन शाह अभिनय के बड़े नाम हैं, लेकिन लगता है कि अब उन्हें अपनी पहचान बनाए रखने के लिए विवादों का सहारा लेना पड़ रहा है। सरकार की आलोचना करना लोकतांत्रिक अधिकार है, मगर स्वयं को 'दिमागी नक्सल' बताकर गर्व करना आखिर कैसी वैचारिक उपलब्धि है? क्या देश की व्यवस्था से असहमति जताने के लिए ऐसे विवादास्पद विशेषणों का सहारा लेना आवश्यक है? शाह जैसे अनुभवी कलाकार से अपेक्षा थी कि वे तर्कों और तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखते, न कि उत्तेजक शब्दों से सुर्खियां बटोरते। विद्यार्थियों के अधिकारों की चिंता उचित है, लेकिन हर समस्या को सरकार विरोध का मंच बना देना भी समझदारी नहीं। कलाकार का कद उसके अभिनय से बनता है, विवादों से नहीं। असहमति लोकतंत्र की शक्ति है, किंतु उसका प्रदर्शन विवेकपूर्ण होना चाहिए।

■ राजकुमार शर्मा

आज का इतिहास

- 1875 : सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मः स्वतंत्रता सेनानी और स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म गुजरात के नडियाद में हुआ।
- 1920 : एटक का पहला अधिवेशनः मुंबई में अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस का पहला अधिवेशन आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता लाला लाजपत राय ने की।
- 1966 : मिहिर सेन की उपलब्धिः भारत के प्रसिद्ध तैराक मिहिर सेन ने पनामा नहर को तैरकर पार किया।
- 1984 : इंदिरा गांधी की हत्याः तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की नई दिल्ली में उनके दो अंगरक्षकों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री पद संभाला।
- 2000 : छत्तीसगढ़ राज्य का गठनः मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ भारत का 26वां राज्य बना। अजीत जोगी राज्य के पहले मुख्यमंत्री बने।
- 2014 : राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरुआतः सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हुई।
- 2018 : स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का उद्घाटनः गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा का उद्घाटन किया गया।
- 2019 : जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का पुनर्गठनः जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेशों के रूप में अस्तित्व में आए।
- 1517 : धर्म सुधार आंदोलनः जर्मन धर्मशास्त्री मार्टिन लूथर की 95 स्थापनाओं को यूरोप में प्रोटेस्टेंट धर्म सुधार आंदोलन की शुरुआत से जोड़ा जाता है।
- 1864 : नेवादा अमेरिका का 36वां राज्य बनाः अमेरिका में नेवादा को राज्य का दर्जा मिला।
- 1922 : मुसोलिनी इटली का प्रधानमंत्री बनाः बेनितो मुसोलिनी ने इटली के प्रधानमंत्री का पद संभाला। आगे चलकर उसके शासन में फासीवादी तानाशाही स्थापित हुई।
- 1941 : माउंट रशमोर स्मारक का निर्माण पूराः अमेरिका में चार राष्ट्रपतियों की विशाल शैल प्रतिमाओं वाले माउंट रशमोर स्मारक का निर्माण पूरा हुआ।

ब्राज़ील में लूला की जीत, इज़राइल में राजनीतिक गतिरोध



■ प्रो.अंशु जोशी

देशांतर

इस सप्ताह चुनावी जीत और राजनीतिक गतिरोध एक ऐसी दुनिया को उजागर करते हैं, जिसमें घरेलू ध्रुवीकरण तेजी से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार दे रहा है। ब्राज़ील में लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा की राष्ट्रपतिपद पर वापसी व्यक्तिगत राजनीतिक पुनरागमन के साथ लैटिन अमेरिका में दक्षिणपंथ के प्रति व्यापक वैचारिक संतुलन का प्रतिनिधित्व करती है। इज़राइल में अरब-नेतृत्व वाली पार्टियां हाशिए के खिलाड़ियों से संभावित किंगमेकर के रूप में उभरी हैं, जो लोकतंत्र, पहचान और क्षेत्रीय कूटनीति के बीच अनसुलझे संबंधों को उजागर करता है। ये घटनाक्रम दर्शाते हैं कि राष्ट्रीय चुनाव अपनी सीमाओं से आगे तक प्रभाव डालते हुए गठबंधनों, व्यापार, सुरक्षा और प्रतिस्पर्धी राजनीतिक मॉडलों की वैधता को प्रभावित कर सकते हैं।

लूला की जीत और ब्राज़ील के लिए इसका अर्थ

लूला की जीत केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है कि उन्होंने एक और कार्यकाल हासिल किया, बल्कि इसलिए भी कि उन्होंने यह कैसे हासिल किया। पहले दौर में पीछे रहने के बाद उनके अभियान ने श्रमिकों, पर्यावरण आंदोलनों और राजनीतिक केंद्र के कुछ हिस्सों को जोड़कर व्यापक गठबंधन बनाया। हालांकि, घरेलू स्तर पर उनका जनादेश सीमित है। ब्राज़ील की कांग्रेस में दक्षिणपंथी झुकाव वाली ताकतों का प्रभुत्व बना हुआ है। ऐसे में सरकार को राजकोषीय नीति, सार्वजनिक व्यय, पर्यावरणीय विनियमन और संस्थागत सुधारों पर सावधानीपूर्वक बातचीत करनी होगी। यह विभाजित राजनीतिक परिदृश्य महत्वाकांक्षी सामाजिक कार्यक्रमों को सीमित कर सकता है, लेकिन शासन की व्यावहारिक शैली को मजबूत भी करता है। लूला के सामने चुनौती सत्ता में लाने वाले गठबंधन को बनाए रखने और उन संस्थागत टकरावों से बचने की है, जिन्होंने पिछली सरकारों को कमजोर किया था।

लैटिन अमेरिका में क्षेत्रीय परिणाम

लैटिन अमेरिका में लूला की जीत राष्ट्रवादी सरकारों की ओर बढ़ते क्षेत्रीय रुझान को बाधित करती है। इस क्षेत्र का सबसे बड़ा देश और अर्थव्यवस्था होने के कारण ब्राज़ील की राजनीतिक दिशा का प्रतीकात्मक और वास्तविक, दोनों तरह का महत्व है। लूला सरकार क्षेत्रीय एकीकरण, जलवायु परिवर्तन पर समन्वित प्रयासों और दक्षिण-दक्षिण सहयोग की संभावनाओं को मजबूत करती है।

यह जीत अमेरिका के उन प्रयासों को भी जटिल बनाती है, विशेषकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, जिनके माध्यम से टैरिफ, प्रतिबंधों और राजनीतिक दबाव के जरिए पश्चिमी गोलार्ध पर प्रभुत्व फिर से स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। लूला के नेतृत्व में ब्राज़ील रणनीतिक स्वायत्तता, बहुपक्षवाद और दबावपूर्ण कूटनीति के प्रतिरोध पर जोर दे सकता है। इसका अर्थ वाशिंगटन से टकराव होना जरूरी नहीं है, बल्कि यह अधिक सक्रिय ब्राज़ीलियाई विदेश नीति का संकेत है, जो चीन, भारत, यूरोप, अफ्रीका और ग्लोबल साउथ के अन्य देशों के साथ साझेदारी चाहती है।

लूला, भारत और वैश्विक राजनीति

लूला का वैश्विक प्रभाव उनकी राजनीतिक और आर्थिक विश्वसनीयता पर निर्भर करेगा। निवेशक और अंतरराष्ट्रीय संस्थान यह देखेंगे कि उनका प्रशासन सामाजिक निवेश तथा राजकोषीय अनुशासन के बीच संतुलन बना पाता है या नहीं। यदि ब्राज़ील विकास, असमानता में कमी और पर्यावरण संरक्षण को जोड़ने में सफल होता है, तो वह निवेशकों के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत कर सकता है।

लैटिन अमेरिका के प्रमुख देश के रूप में ब्राज़ील वैश्विक संस्थागत सुधारों और ग्लोबल साउथ के देशों के लिए नेतृत्वकारी भूमिका की भारत की मांग को भी मुखरता से दोहराता है। उल्लेखनीय है कि वामपंथी नेता होने के बावजूद लूला ने वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ भारत के संघर्ष तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ग्लोबल साउथ के देशों के लिए स्थायी सीटों की मांग सहित संस्थागत सुधारों का लगातार समर्थन किया है।

इज़राइल की त्रिशंकु संसद

इस सप्ताह इज़राइल के चुनाव में त्रिशंकु संसद की स्थिति उभरी है, जिसमें कोई भी गुट सरकार बनाने के लिए आवश्यक 61 सीटों का आंकड़ा हासिल नहीं कर सका। यह परिणाम इज़राइली समाज के गहरे विभाजन को दर्शाता है। धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष समुदायों, मौजूदा नेतृत्व के समर्थकों और आलोचकों तथा सुरक्षा, न्यायिक सुधार और फिलिस्तीनियों के साथ संबंधों को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोणों के बीच मतभेद स्पष्ट हैं। त्रिशंकु नेसेट केवल सरकारी अस्थिरता ही पैदा नहीं करती, बल्कि विचारधारा और पहचान से विभाजित समाज में टिकाऊ शासक गठबंधन बनाने की कठिनाई भी उजागर करती है।

इज़राइल में अरब दलों की भूमिका

इज़राइली नेसेट में 120 सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए 61 सीटों की आवश्यकता होती है। नेतन्याहू के गुट ने 63 सीटें हासिल की हैं, जबकि उनके विपक्षी गठबंधन को 48 सीटें मिली हैं। अरब पार्टियों ने 19 सीटें हासिल की हैं। ऐसे में सरकार गठन की सौदेबाजी में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। कोई भी बड़ा गुट अकेले शासन करने में सक्षम नहीं होने के कारण अरब पार्टियां गठबंधन गठन को प्रभावित कर सकती हैं, भले ही वे औपचारिक रूप से सरकार में शामिल न हों। उनकी संभावित भूमिका उस राजनीतिक वास्तविकता को चुनौती देती है, जिसमें इज़राइल के अरब नागरिकों को संसदीय प्रतिनिधित्व के बावजूद अक्सर शासक गठबंधनों से बाहर रखा गया है।

किसी गुट को समर्थन देने की उनकी इच्छा इस बात पर निर्भर करेगी कि वह प्रतीकात्मक समावेशन से आगे बढ़कर इज़राइल-फिलिस्तीन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान जैसी सार्थक नीतिगत प्रतिबद्धताएं प्रस्तुत करता है या नहीं।

लूला की जीत और इज़राइल का संसदीय गतिरोध दो अलग-अलग लोकतांत्रिक परिदृश्य सामने रखते हैं। ब्राज़ील दर्शाता है कि चुनावी गठबंधन राजनीतिक समीकरणों को बदलकर अंतरराष्ट्रीय एजेंडे को नई दिशा दे सकते हैं। इज़राइल दिखाता है कि खंडित लोकतंत्र अल्पसंख्यकों और छोटी पार्टियों को सशक्त बना सकते हैं, लेकिन सहमति के अभाव में दीर्घकालिक अस्थिरता का जोखिम भी पैदा होता है।

दोनों मामले समकालीन राजनीति के एक केंद्रीय सत्य को रेखांकित करते हैं कि घरेलू वैधता और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव अविभाज्य हैं। वैश्विक बहसों को आकार देने की ब्राज़ील की क्षमता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह घरेलू स्तर पर प्रभावी शासन कर पाता है या नहीं। वहीं, इज़राइल के क्षेत्रीय संबंध इस बात से प्रभावित होंगे कि उसकी राजनीतिक व्यवस्था प्रतिनिधित्व को समावेशी और शांतिपूर्ण नीतियों में बदल पाती है या नहीं। ध्रुवीकृत मतदाताओं और विवादित वैश्विक व्यवस्था के इस दौर में चुनाव केवल राष्ट्रीय घटनाएं नहीं हैं, बल्कि ऐसे अवसर हैं, जिनके माध्यम से राष्ट्र दुनिया में अपनी भूमिका को फिर से परिभाषित करते हैं।

(लेखिका जेएनयू में प्राध्यापक हैं)

विरोध के आंदोलन का भी बहीखाता होता है



■ विप्लव विकास

समकाल 2.0

हाल के महीनों में हमने देखा कि किस प्रकार सोशल मीडिया के माध्यम से गठित तथाकथित सीजेपी और उसके सहयोगी वामपंथी-इस्लामिक संगठनों ने देश को अराजकता की आग में झोंकने का प्रयास किया। शुरुआत 'परीक्षा में सुधार' और 'अकाउंटेबिलिटी' के लुभावने नारों से हुई, लेकिन जब विश्वविद्यालय परिसरों की चिंगारी पूरे देश को नहीं झुलसा सकी और सात राज्यों के आसन्न विधानसभा चुनावों की चर्चा शुरू हुई, तो रणनीति बदलकर 'एसआईआर' के बहाने सड़कों पर गदर मचाने का नया स्वांग रचा गया। निर्दोष छात्रों को ढाल बनाकर, भ्रामक सूचनाएँ फैलाकर और संवैधानिक मर्यादाओं को तार-तार करके जिस तरह देश की राजधानी से लेकर दूर-दराज के क्षेत्रों तक भीड़ को सड़कों पर उतारा गया, वह कोई स्वाभाविक जन-आक्रोश नहीं था। यह भारतीय राज्य की जड़ों पर प्रहार करने और जनमत से चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार को पंगु बनाने का सुनियोजित 'रिजीम चेंज' मॉडल था। यही मॉडल फ्रांस, इटली और यूरोप के अन्य देशों में भी आग लगा रहा है।

आज इस कड़वे सच को स्वीकार करना होगा कि भारत में अधिकांश बड़े आंदोलन केवल सरकारी नीतियों से उपजे असंतोष का परिणाम नहीं रह गए हैं, बल्कि एक आकर्षक और पेशेवर 'आर्थिक व्यापार' बन चुके हैं। जिस प्रकार बहुराष्ट्रीय कंपनी चलाने के लिए पूंजी, लॉजिस्टिक्स, विपणन और जनसंपर्क की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार आज के तथाकथित आंदोलनों का भी अपना कॉर्पोरेट ढांचा है। विरोध के इस बहीखाते में केवल विचार नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये का दैनिक लेन-देन भी दर्ज होता है।

जब सड़कों पर महीनों तक टेंट सिटी जमती है, ब्रांडेड वाटरप्रूफ पंडाल लगते हैं, आधुनिक साउंड सिस्टम, मेडिकल वैन और लंगर जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं तथा स्विग्गी और जोमैटो से भोजन प्रदर्शन स्थल तक पहुंचता है, तो इसके पीछे एक पेशेवर तंत्र की संभावना पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इस तंत्र में स्वघोषित थिंक टैंक और लीगल एक्टिविस्ट नेटवर्क शामिल बताए जाते हैं, जिनका वार्षिक बजट भारत विरोधी आख्यान गढ़ने से चलता है। समस्या हल हो गई तो इनकी दुकान बंद हो जाएगी, इसलिए समस्या बनाए रखना ही इनका प्राथमिक व्यवसाय बन जाता है। इसके साथ अंतरराष्ट्रीय वित्तपोषकों और विदेशी फंडों की भूमिका पर भी सवाल उठते हैं। डिजिटल पीआर, बॉट नेटवर्क और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का बाजार स्थानीय विवाद को रातों-रात वैश्विक रूप देने में जुट जाता है। इस संबंध में हम पिछले 12 स्तंभों में विस्तृत चर्चा कर चुके हैं। अब 'समकाल 2.0' में आंदोलनों को अराजकता में बदलने वाली जमात के स्वार्थ और पेशेवर रणनीतियों को समझने का प्रयास करेंगे।

भारत-विरोधी और हिंदू-विरोधी शक्तियों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे लोकतांत्रिक जनमत को स्वीकार नहीं कर पातीं। जब जनता मतदान के माध्यम से राष्ट्रबोधी सोच और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के पक्ष में जनादेश देती है, तो ये ताकतें चुनाव प्रक्रिया को ही खारिज करने लगती हैं। चुनावी मैदान में मतदाताओं को हराने में बार-बार विफल होने के बाद इन्होंने 'सड़क वीटो' का रास्ता खोजा है। रणनीति स्पष्ट है-सड़कों को जाम करके, आर्थिक गतिविधियों को ठप करके और राष्ट्रीय संपत्तियों को नुकसान पहुँचाकर चुनी हुई सरकार को राष्ट्रहित के फैसले वापस लेने के लिए मजबूर करना। सीजेपी ने एफसीआरए संशोधन विधेयक के विरोध में भी ऐसा ही किया। यह विधेयक अब संयुक्त संसदीय समिति के पास चला गया है।

22 जुलाई 2026 को 'द प्रिंट' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, आंदोलनकारी समूहों के प्रमुख चेहरे योगेंद्र यादव ने 'व्हिदर ऑपोजिशन : फ्रॉम इलेक्टोरल पॉलिटिक्स टू पॉलिटिक्स ऑफ रेजिस्टेंस' विषय पर एमपी वीरेंद्र कुमार स्मृति व्याख्यान देते हुए कहा कि विपक्ष को 'चुनावी राजनीति से प्रतिरोध की राजनीति' की ओर बढ़ना होगा। उनके अनुसार, पिछले एक दशक में सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौतियाँ संसद से नहीं, बल्कि किसान आंदोलन, नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) विरोधी आंदोलन और भूमि अधिग्रहण कानून के खिलाफ अभियानों जैसे जनांदोलनों से आईं। 'पॉलिटिकल कीड़ा' के ट्विटर हैंडल से प्रकाशित एक वीडियो में उन्हें कहते हुए बताया गया है, 'Democracy will run from the streets, not parliament.'

यह मान लेना सही नहीं होगा कि केवल वैचारिक झुकाव से कोई अलोकतांत्रिक हो जाता है। लोकतंत्र में प्रत्येक बुद्धिजीवी को अपनी बात रखने और आंदोलनों का समर्थन करने का अधिकार है। किंतु एक स्थापित और बार-बार दोहराया जाने वाला पैटर्न बहुत कुछ कहता है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। सबसे गंभीर संकट तब उत्पन्न होता है, जब जनता के स्वाभाविक असंतोष को भड़काकर हिंसक टकराव में बदल दिया जाता है और देश की शांति को चुनौती दी जाती है।

इसके साथ ही न्यायपालिका, चुनाव आयोग और सुरक्षा बलों की साख को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार नीचा दिखाने के प्रयास होते हैं, ताकि दुनिया के सामने भारत को अस्थिर और विफल देश के रूप में पेश किया जा सके। यह किसी नीति विशेष का विरोध या असहमति भर नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक ढांचे और उसकी संप्रभुता पर दबाव बनाने की रणनीति भी हो सकती है।

अब समय आ गया है कि देश का प्रबुद्ध समाज, युवा वर्ग और प्रत्येक नागरिक इस वैचारिक छद्म युद्ध के झांसे से बाहर निकले। जब भी कोई समूह 'संविधान या लोकतंत्र बचाने' के नाम पर सड़क पर उतरकर देश की रफ्तार रोकने का प्रयास करे, तो उसके बहकावे में आने के बजाय उसके नारों के पीछे की आर्थिक व्यवस्था, वित्तीय स्रोतों और संभावित विदेशी फंडिंग की निष्पक्ष जांच की मांग करनी चाहिए। आरोपों को प्रमाणों के आधार पर परखना भी उतना ही आवश्यक है, जितना किसी आंदोलन के उद्देश्य और तरीकों का मूल्यांकन करना।

अराजकता को वैचारिक आंदोलन समझना बंद कीजिए। जब तक हम 'अराजकता के अर्थशास्त्र' की वैधानिक और सामाजिक स्तर पर जांच नहीं करेंगे, तब तक देश को बंधक बनाने के प्रयासों पर प्रभावी अंकुश लगाना कठिन होगा। राष्ट्र की संप्रभुता से समझौता अब स्वीकार्य नहीं होना चाहिए।

(लेखक कोलकाता निवासी स्तंभकार हैं)

राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार सरदार पटेल और भारत की सांस्कृतिक चेतना

31 अक्टूबर : राष्ट्रीय एकता दिवस पर विशेष

भारत की राजनीतिक एकता की बात हो तो सरदार वल्लभभाई पटेल का नाम स्वाभाविक रूप से सामने आता है। 1947 में अंग्रेजी शासन समाप्त हुआ, लेकिन स्वतंत्रता के साथ ही देश के सामने कठिन प्रश्न था कि सैकड़ों देशी रियासतों का भविष्य क्या होगा? यदि वे स्वतंत्र रहने या अलग रास्ता चुनने पर अड़तीं तो नवजात राष्ट्र का स्वरूप आज कुछ और ही होता। सरदार पटेल ने गृह मंत्री और रियासतों के विभाग के प्रमुख के रूप में इस चुनौती का सामना किया। वी.पी. मेनन के सहयोग से बातचीत, समझाइश और दृढ़ निर्णयों के सहारे अधिकांश रियासतें भारतीय संघ में शामिल हुईं। जूनागढ़ और हैदराबाद जैसे कठिन प्रश्नों का समाधान भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा था।



■ आचार्य ललित मुनि

सरदार पटेल ने केवल दस्तावेजों पर हस्ताक्षर नहीं करवाए थे; उन्होंने उस देश की राजनीतिक नींव मजबूत की, जिसे स्वतंत्रता के साथ विभाजन का घाव भी मिला था। उनकी भूमिका के कारण ही उन्हें लौह पुरुष कहा गया। लेकिन भारत की एकता की कहानी यहीं समाप्त नहीं होती। भूगोल को एक राजनीतिक सीमा में बांधना ऐतिहासिक उपलब्धि थी, लोगों के मन में एक-दूसरे के लिए जगह बनना एक लंबी सांस्कृतिक यात्रा है।

यह यात्रा बहुत पहले शुरू हो चुकी थी। काशी, पुरी, द्वारका और रामेश्वरम् जैसे तीर्थों तक पहुंचने के लिए लोग दूर-दूर से निकलते थे। उत्तर का यात्री दक्षिण जाता, दक्षिण का श्रद्धालु काशी और मथुरा पहुंचता। इन यात्राओं ने लोगों को बताया कि देश का दूसरा सिरा कोई अनजान दुनिया नहीं है। वहां भी परिवार हैं, अतिथि का आदर है, उत्सव हैं और जीवन की वही छोटी-बड़ी चिंताएं हैं।

व्यापारियों, कारीगरों, संगीतकारों, संतों और कथावाचकों ने भी भारत के विभिन्न क्षेत्रों को जोड़ा। कबीर, गुरु नानक, मीराबाई, चैतन्य महाप्रभु और दक्षिण के आलवार-नायनार संतों की परंपराएं अपने-अपने क्षेत्रों में विकसित हुईं, लेकिन उनका प्रभाव क्षेत्रीय सीमाओं से बाहर भी गया।

रामकथा इसका सुंदर उदाहरण है। तुलसीदास की रामचरितमानस उत्तर भारत में घर-घर पहुंची, तो तमिल कवि कंबन ने रामायण को अपनी भाषा और काव्य परंपरा में नया रूप दिया। ओड़िया, बंगाली, असमिया और मराठी सहित अन्य भाषाओं में भी रामकथा के अपने रूप हैं। कथा का आधार परिचित है, लेकिन हर भाषा ने उसमें अपने लोकजीवन और संवेदना के रंग भरे। एक ही कथा के इतने रूप बताते हैं कि सांस्कृतिक निकटता का अर्थ सबका एक जैसा हो जाना नहीं है।

भारत के त्योहारों में भी यही बात दिखाई देती है। पंजाब की बैसाखी, असम का बिहू, केरल का ओणम, गुजरात का नवरात्र, महाराष्ट्र का गणेशोत्सव और उत्तर भारत की दीपावली अपने-अपने क्षेत्र की स्मृतियों से जुड़े हैं। फिर भी दूसरे प्रदेश का व्यक्ति इन उत्सवों में शामिल होता है तो उसे अपने जीवन से जुड़ी कोई अनुभूति मिल जाती है। जनजातीय समुदायों की भाषाएँ, लोककथाएं, नृत्य और प्रकृति से जुड़ी मान्यताएं भी भारत की पहचान का अविभाज्य हिस्सा हैं। अपनी भाषा और रीति बचाए रखते हुए दूसरे समुदाय की परंपरा का सम्मान करना ही साझा जीवन की खूबी है।

स्वतंत्रता आंदोलन ने इस सांस्कृतिक परिचय को राजनीतिक उद्देश्य से भी जोड़ा। बंगाल का स्वदेशी आंदोलन, पंजाब के क्रांतिकारियों का संघर्ष, महाराष्ट्र और गुजरात के जनआंदोलन तथा दक्षिण भारत के सत्याग्रह एक-दूसरे से प्रेरणा लेते रहे। स्वतंत्रता के बाद संविधान ने इस विविधता को जगह दी। नागरिकों को समानता का अधिकार मिला और भाषा, संस्कृति तथा शिक्षा से जुड़े अधिकारों के माध्यम से अपनी पहचान सुरक्षित रखने का आधार भी मिला।

सरदार पटेल की विरासत को याद करते हुए वर्ष 2014 में 31 अक्टूबर को उनकी जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर देशभर में 'रन फॉर यूनिटी' और एकता की शपथ जैसे कार्यक्रम शुरू किए गए। वर्ष 2015 में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल की घोषणा हुई, जिसके तहत विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के बीच सांस्कृतिक तथा शैक्षिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित किया गया। इसका उद्देश्य लोगों को दूसरे क्षेत्रों की भाषा, खानपान, कला और परंपराओं से परिचित कराना था।

31 अक्टूबर 2018 को गुजरात के केवड़िया में 182 मीटर ऊंची 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का लोकार्पण हुआ। यह विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है और सरदार पटेल को समर्पित है। वर्ष 2019 में केंद्र सरकार ने 'सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' भी स्थापित किया, जिसका उद्देश्य देश की एकता और अखंडता को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करना है।

किसी महापुरुष को याद करने का एक तरीका उनकी प्रतिमा बनाना है, दूसरा उनके विचारों को व्यवहार में उतारना। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी दूर से दिखाई देती है, लेकिन एकता का असली अर्थ तब सामने आता है, जब हम अपने से अलग भाषा बोलने वाले व्यक्ति को बराबरी से सुनते हैं, दूसरे प्रदेश से आए व्यक्ति को सम्मान देते हैं और किसी समुदाय की परंपरा को कमतर नहीं आंकते। सरकारी आयोजन अवसर दे सकते हैं, पर रोजमर्रा के व्यवहार में अपनापन हमें ही पैदा करना होता है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार पटेल के साथ उन अनगिनत यात्रियों, कलाकारों, संतों, व्यापारियों, किसानों और सामान्य परिवारों को भी याद करना चाहिए, जिनकी आवाजाही ने भारत के लोगों को एक-दूसरे से परिचित कराया। पटेल ने बिखरी रियासतों को एक राजनीतिक संघ में जोड़ा। संस्कृति ने अलग-अलग भाषाओं और परंपराओं वाले लोगों को एक-दूसरे के सुख-दुख और लोकजीवन से जोड़ा। भारत की खूबी यही है कि यहां एक होने के लिए एक जैसा होना जरूरी नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं लोक संस्कृति के अध्येता हैं)

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक ''इंडिपेंडेंट भारत'' स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक जगदीश शर्मा, शर्मा प्रिन्टिग प्रेस रामपुर बगहा पो0 लक्ष्मीगंज जनपद कुशीनगर उ0 प्र0 274306 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
मोबाईल न0-90261 11001 संपादक जगदीश शर्मा प्रबंध संपादक मयंक कुमार सिंह Title code-UPHIN49987 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर होगा।

इंस्टा धमाल



संदीपा धर ने बेहद आकर्षक तस्वीर इंस्टाग्राम पर डाली। उनकी खूबसूरती ने किया फैंस को मंत्रमुग्ध।



स्विम सूट पहनकर अवनीत ढिल्लों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की तस्वीर। फैंस हुए दीवाने।



मालविका मोहनन ने एक ब्यूटीफुल तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर खूब वाहवाही बटोरी।



डायना पेंटी दिखीं बेहद आकर्षक।

अच्छी लड़की का किरदार करके थक गई हैं कृति

आपको शुरुआत से ही सभी अच्छे मौके नहीं मिल जाते। काफी लंबे समय तक किरदार 'गुड गर्ल' वाले होते थे। लंबे वक्त तक महिलाओं को पुरुषों के नजरिए से देखा गया। वह 'सती-सावित्री' है, अच्छी लड़की है, शर्मीली है और उसे गुंडों से बचाने की जरूरत है। वह कभी कुछ गलत नहीं करती'। कृति सेनन ने कहा कि वह पर्दे पर 'गुड गर्ल' यानी अच्छी लड़की का रोल अदा करके थक गईं। अब वो कुछ नया और अलग करना चाहती हैं।

कृति सेनन ने करीना कपूर के शो 'व्हाट वीमेन वॉन्ट' पर शिरकत की। एक्ट्रेस ने करीना के शो पर अपने आउटफिट को लेकर विवाद और करियर के बारे में खुलकर बात की। कृति सेनन ने बताया कि करियर की शुरुआत में उन्हें सिर्फ एक ही तरह के रोल्स ऑफर होते थे और अब वो कुछ अलग करना चाहती हैं।

कृति सेनन ने होस्ट करीना कपूर को बताया कि जब उन्होंने साल 2014 में 'हीरोपंती' से डेब्यू किया था तो उन्हें बहुत ऑफर नहीं मिलते थे। वह कहती हैं कि ऐसा नहीं है कि शुरुआत से ही आपको बहुत सारे ऑफर्स मिलने लगते हैं। कृति ने बताया कि शुरुआत में उन्हें जो गिने-चुने रोल्स मिलते थे उसमें वह सबसे अच्छा रोल चुनने की कोशिश करती थीं।

करीना ने उनसे पूछा कि अब वह किस तरह की भूमिका करना चाहती हैं, जो उन्हें उनके कंफर्ट जोन से बाहर ले जाए। इस सवाल के जवाब में कृति ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि जब वह फिल्म इंडस्ट्री में नई थीं, तब उनके पास बहुत सारे शानदार विकल्प नहीं हुआ करते थे। उन्हें जो किरदार ऑफर होते थे, उनको उन्हीं में से बेहतर विकल्प चुनना पड़ता था।

कृति ने कहा, 'आपको शुरुआत से ही सभी अच्छे मौके नहीं मिल जाते। काफी लंबे समय तक किरदार 'गुड गर्ल' वाले होते थे। लंबे वक्त तक महिलाओं को पुरुषों के नजरिए से देखा गया। वह 'सती-सावित्री' है, अच्छी लड़की है, शर्मीली है और उसे गुंडों से बचाने की जरूरत है। वह कभी कुछ गलत नहीं करती'। कृति सेनन ने कहा कि वह पर्दे पर 'गुड गर्ल' यानी अच्छी लड़की का रोल अदा करके थक गईं। अब वो कुछ नया और अलग करना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि अब फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए अच्छे रोल्स लिखे जा रहे हैं।


कृति सेनन का कहना है कि मेकर्स अब महिलाओं के लिए अच्छे की जगह रियल किरदार लिखने पर फोकस कर रहे हैं। वह अब ऐसे किरदार लिख रहे हैं जो ज्यादा रियल लगें। उन्होंने अपनी फिल्म 'तीन पत्ती' का जिक्र करते हुए कहा कि अब वो कुछ नेगेटिव और ग्रे टाइप के किरदार अदा करना चाहती हैं।

अपने करीब 12 साल के फिल्मी करियर में कृति सेनन ने अलग-अलग किरदारों के जरिए बार-बार अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। उन्हें 'मिमी' में शानदार अभिनय के लिए नैशनल अवॉर्ड भी मिला था। इसके अलावा वह 'बरेली की बर्फी', 'दिलवाले', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' और 'क्रू' जैसी सफल फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं।

होमी अदजानिया के निर्देशन में बनी 'कॉकटेल 2' में भी कृति की परफॉर्मेंस को दर्शकों और समीक्षकों से सराहना मिली। 'कॉकटेल 2' में कृति सेनन के अभिनय के साथ ही उनके हॉट एंड सिजलिंग लुक ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थीं।

'किंग' का हिस्सा बने अभय वर्मा

थ्रिलर वेब सीरीज़ 'द फ़ैमिली मैन' (2021) के दूसरे सीज़न में मनोज बाजपेयी के साथ एक छोटे से किरदार में उन्हें पहचान मिली। जी5 पर रिलीज फ़िल्म 'सफ़ेद' (2023) में वह एक ट्रांसजेंडर की मुख्य भूमिका में थे।



फिल्म 'मुंज्या' (2024) और वेब सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' (2026) की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद उभरते हुए युवा सितारे अभय वर्मा इन दिनों अपनी शानदार अदाकारी और बड़े प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों मे छाये हुए हैं। शाहरुख खान और निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की मेगा बजट एक्शन थ्रिलर फिल्म 'किंग' पर हर किसी की निगाहें टिकी हैं। ऐसे में अभय ने इस फिल्म का हिस्सा बनकर हर किसी को हैरत में डाल दिया है।

फिल्म में अभय वर्मा का एक बिल्कुल अलग और अनोखा रोल देखने को मिलने वाला है। निश्चित तौर पर यह उनके पिछले किरदारों से एकदम अलग होगा। यह फिल्म इसी साल 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। कहा जाता है कि शाहरुख ने जब अभय का काम देखा तब उन्होंने खुद निर्देशक सिद्धार्थ आनंद से कहा कि अमुक रोल के लिए 'मुंज्या' वाले लड़के को ले लो, वो इस रोल के लिए बहुत अच्छा रहेगा।

बचपन में टीवी पर ऋतिक रोशन के गाने कॉपी करने से लेकर फिल्म 'सुपर 30' (2019) में बैकग्राउंड जूनियर आर्टिस्ट बनने और अब सीधे शाहरुख खान और सिद्धार्थ आनंद की 'किंग' का अहम चेहरा बनने तक अभय वर्मा का यह सफर हर उस युवा के लिए मिसाल है जो सपनों के दम पर मायानगरी मुंबई में अपनी पहचान बनाने आते हैं। 27 जुलाई 1998 को हरियाणा के पानीपत में पैदा हुए अभय वर्मा ने वहां के सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। आगे वह विज्ञान की पढ़ाई कर रहे थे, लेकिन तीन बार असफलता का सामना करने के बाद उन्होंने बीबीए में दाखिला लिया, लेकिन उन्हें लगा कि यह समय की बर्बादी है।

अभिनय में करियर बनाने के लिए वह अपने माता-पिता के साथ मुंबई आए। यहां आकर अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत उन्होंने टीवी शो 'लिटिल थिंग्स' (2019) से की। उसी साल वह फिल्म 'सुपर 30' (2019) में बैकग्राउंड जूनियर आर्टिस्ट बने। उसके बाद टीवी सीरियल 'मर्ज़ी' (2020) में अयान के किरदार में नज़र आए।

इसी के साथ वह टीवी विज्ञापनों में भी काम करते रहे। थ्रिलर वेब सीरीज़ 'द फ़ैमिली मैन' (2021) के दूसरे सीज़न में मनोज बाजपेयी के साथ एक छोटे से किरदार में उन्हें पहचान मिली। जी5 पर रिलीज फ़िल्म 'सफ़ेद' (2023) में वह एक ट्रांसजेंडर की मुख्य भूमिका में थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' (2024) में वह सारा अली खान के अपोजिट नजर आए।

मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की चौथी कॉमेडी-हॉरर फ़िल्म 'मुंज्या' (2024) में बिट्टू की मुख्य भूमिका से उन्हें बड़ी सफलता मिली। साल 2024 की 8वीं सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली इस फिल्म में वह एक ऐसे युवा के मुख्य किरदार में थे जो एक राक्षस से डरा हुआ है। अभय वर्मा शाहरुख के साथ 'किंग' के अलावा राशा थडानी के साथ रोमांटिक एक्शन फिल्म 'लाइकी लाइका' और शनाया कपूर के साथ शुजात सौदागर की अन टाइटल्ड रोमांटिक फिल्म भी कर रहे हैं।

'बेपरवाह' में अहान-शरवरी





अहान पांडे ने पिछले साल अनीत पड्डा के साथ 'सैयारा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को यशराज के बैनर तले बनाया गया था। अहान पांडे एक बार फिर यशराज फिल्म्स का हिस्सा बनने जा रहे हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'बेपरवाह' की पहली झलक देख फैंस को 'सैयारा' की याद आ रही है। इस फिल्म में अहान पांडे और शरवरी लीड रोल में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि यशराज फिल्म्स के प्रमुख आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं।

'बेपरवाह' की सामने आई पहली झलक

मेकर्स ने 'बेपरवाह' के टाइटल की घोषणा एक टीजर पोस्टर के साथ की है। खास बात यह है कि फिल्म की सिनेमाघरों में रिलीज से ठीक पांच महीने पहले इसका टाइटल दर्शकों के सामने लाया गया है। पोस्टर सामने आने के साथ ही अहान और शरवरी की नई जोड़ी को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

पोस्टर देखकर याद आई सैयारा

अहान पांडे और शरवरी की अपकमिंग फिल्म 'बेपरवाह' एक इंटेंस रोमांस एक्शन फिल्म होगी। इसके पोस्ट में अहान पांडे हाथ में बंदूक और शरवरी हाथ में गिटार थामे दिख रही है। पोस्टर काफी हद तक सैयारा की याद दिला रहा है।

अनीत पड्डा ने लुटाया प्यार

'बेपरवाह' में अहान पांडे और शरवरी पहली बार किसी फिल्म में एक-दूसरे के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। 'सैयारा' से चर्चा में आए अहान के लिए यह फिल्म उनके करियर का एक और बड़ा प्रोजेक्ट है। वहीं शरवरी भी पिछले कुछ समय से अलग-अलग फिल्मों और किरदारों के जरिए अपनी पहचान मजबूत कर रही हैं। 'बेपरवाह' का पोस्टर देख अनीत पड्डा ने अपना उत्साह जाहिर किया। फिल्म को रोमांटिक एक्शन-ड्रामा बताया जा रहा है। ऐसे में दर्शकों को अहान और शरवरी की लव स्टोरी के साथ बड़े एक्शन सीक्वेंस भी देखने को मिल सकते हैं।

अगले साल रिलीज होगी फिल्म

'बेपरवाह' की एक और खास बात अली अब्बास जफर की यशराज फिल्म्स में वापसी है। अली इससे पहले इस प्रोडक्शन हाउस के साथ कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर चुके हैं। उन्होंने सलमान खान स्टारर 'सुल्तान' और 'टाइगर जिंदा है' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का निर्देशन किया था। दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित 'बेपरवाह' 26 मार्च 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

Happy Birthday



29 अक्तूबर कृति खरबंदा



30 अक्तूबर अनन्या पांडे



01 नवम्बर ऐश्वर्य राय बच्चन



02 नवम्बर शाहरुख खान

CINEMA & OTT

मूवीज और वैब सीरीज का तड़का

नखरेवाली



नखरेवाली मनोरंजक अंदाज में महिलाओं की सुरक्षा और समाज में गहराई से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करती है। यह फिल्म ऐसे अहम मुद्दों को एक ऐसी कहानी में पिरोती है जो दिलचस्प होने के साथ-साथ सोचने पर भी मजबूर करती है। CINEMA

रिलीज डेट: 30 अक्तूबर, 2026
स्टारकास्ट: अंश, प्रगति आदि।

मीठे में क्या है



इसमें संयुक्त परिवार और उनके बीच के चैलेंज और सपोर्ट सिस्टम को बखूबी दिखाया गया है। अगर आपको फैमिली ड्रामा से भरपूर किसी फिल्म का इंतजार है, तो यह शानदार विकल्प है। NETFLIX

रिलीज डेट: 30 अक्तूबर, 2026
स्टारकास्ट: ऋत्विक भौमिक, रोहिणी हट्टंगड़ी, आयशा रजा मिश्रा आदि।


इमोर्टल



यह एक तमिल भाषा की हॉरर-रोमांटिक फिल्म है, जो 04 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। ओटीटी पर यह तमिल के अलावा हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में भी उपलब्ध होगी। SONY LIV

रिलीज डेट: 30 अक्तूबर, 2026
स्टारकास्ट: जी.वी. प्रकाश कुमार, कायादु लोहार, टी.एम. कार्तिक आदि।

पायरे



विनोद कापड़ी द्वारा निर्देशित हिंदी-कुमाऊंनी फिल्म 'पायर' उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में रहने वाले एक बुजुर्ग दंपति-पदम सिंह (बूबू) और तुलसी (आमा)-की मर्मिक और सच्ची घटनाओं पर आधारित कहानी है। CINEMA

रिलीज डेट: 30 अक्तूबर, 2026
स्टारकास्ट: पदम सिंह, तुलसी आदि।

बत्था



सुपरस्टार विजय सेतुपति की फिल्म 'बत्था' भी इस वीक ओटीटी पर आ रही है। एक महीने से भी कम वक्त में यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ रही है। 'बत्था' को तमिल, तेलुगू, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। NETFLIX

रिलीज डेट: 29 अक्तूबर 2026
स्टारकास्ट: विजय, लिजोमोल आदि।

अक्का



यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने सुरक्षित रखा है। परंपराएं और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं। NETFLIX

रिलीज डेट: 30 अक्तूबर 2026
स्टारकास्ट: कीर्ति, राधिका आदि।

लव स्टोरी अभिमन्यु की



यह फिल्म प्यार, एक्शन और सामाजिक-पारिवारिक संघर्षों की कहानी है। इसमें अभिमन्यु नाम के एक आशिक की प्रेम कहानी दिखाई गई है जो अपनी मोहब्बत को पाने के लिए समाज और परिवार की दीवारों से बगावत करता है। CINEMA

रिलीज डेट: 30 अक्तूबर, 2026
स्टारकास्ट: विशाल, प्रगति आदि।

संक्षिप्त समाचार

रुपया सात पैसे चढ़कर 95.19 डॉलर पर खुला



मुंबई। रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सात पैसे की बढ़त के साथ 95.19 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और अमेरिकी कोष बॉन्ड के प्रतिफल में गिरावट के बीच घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। हालांकि, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने रुपये की बढ़त को सीमित रखा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी के निरंतर प्रवाह और तेल आयात का बोझ कम होने से रुपये को मजबूती मिलने का आधार तैयार होगा। डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर के निकट अवधि में 94.75 से 95.75 के बीच रहने का अनुमान है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.21 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद इसमें मजबूती आई और यह 95.19 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की बढ़त है।

कच्चे तेल में उछाल जारी, भारत में पेट्रोल-डीजल कीमतें स्थिर



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें शुक्रवार को भी 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। क्रूड के दाम में 0.56 फीसदी की तेजी आई और यह 111.45 डॉलर प्रति बैरल हो गया। हालांकि, भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर यह है कि इस वृद्धि के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर बने हुए हैं। तेल विपणन कंपनियां प्रतिदिन सुबह छह बजे ईंधन के नए रेट जारी करती हैं, और आज भी कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश के प्रमुख शहरों में ईंधन के दाम अपरिवर्तित हैं। राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में भी पेट्रोल 102.12 रुपये और डीजल 95.56 रुपये है। वहीं, भोपाल में पेट्रोल 114.57 रुपये और डीजल 99.64 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है, जबकि पटना में पेट्रोल 113.37 रुपये और डीजल 99.36 रुपये है।

कर्नाटक में दूध के दाम 8 रुपए प्रति लीटर बढ़े

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने दूध की कीमतों में 8 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। नई कीमतें 1 नवंबर 2026 से लागू होंगी। गुरुवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार के मुताबिक, इस बढ़ोतरी में से 7 रुपये प्रति लीटर दूध उत्पादक किसानों को मिलेंगे, जबकि बाकी 1 रुपया दूध सहकारी समितियों को दिया जाएगा। कैबिनेट बैठक के बाद राज्य के मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने इस फैसले की जानकारी दी।

आईटी शेयरों में तेज लिवाली से शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़ा

सेंसेक्स 308 और निफ्टी 116 अंक उछला

■ मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली और विदेशों से मिले जुले संकेतों के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को तेजी बनी रही और प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच तेल की कीमतों में तेजी तथा अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के नतीजों की प्रतीक्षा के बीच बाजार कुल मिला सावधानी की धारणा है। बीएसई सेंसेक्स सुबह तेजी के साथ खुलने के बाद अधिकतर समय कल के बंद के स्तर से ऊपर बना रहा और अंत में 308.49 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की बढ़ तके साथ 74,459.53 अंक पर बंद हुआ। बीएसई सुबह 74,199.69 पर खुला और ऊपर में 74,742.59 तक गया। एक समय यह नीचे में 74,082.03 तक भी चला गया था। कल बंद के समय सेंसेक्स 74,151.04 पर था। इसी तरह एनसीई का निफ्टी भी सुबह 22,964.50 पर खुल कर ऊपर में 23,118.10 और नीचे में 22,905.10 तक जाने के बाद अंत में कल के मुबाकले 116.35 अंक (0.51 प्रतिशत) सुधर कर 23,053.10 पर बंद हुआ।



अमेरिकी आर्थिक वृद्धि दर 3.4 प्रतिशत पहुंची

वैश्विक मोर्चे पर, अमेरिका की तीसरी तिमाही की आर्थिक (जीडीपी) वृद्धि दर वार्षिक आधार पर बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई। वहीं, सितंबर में पीसीई (उपभोक्ता) महंगाई दर सालाना आधार पर बढ़कर 3.6 प्रतिशत रही, जबकि अगस्त में यह 3.4 प्रतिशत थी इसके अलावा, बैंक ऑफ जापान ने अपनी नीतिगत ब्याज दर 1.25 प्रतिशत पर स्थिर रखी, हालांकि उसने भविष्य में ब्याज दरों में और बढ़ोतरी की संभावना के संकेत दिए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आंकड़ों पर आधारित नीतिगत रुख और बैंक ऑफ इंग्लैंड द्वारा 3.75 प्रतिशत की दर पर ब्याज दरों में कटौती से फिलहाल विराम देने के साथ सख्त मौद्रिक नीति के संकेतों को देखते हुए, प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सतर्क मौद्रिक नीति का माहौल बना हुआ है।

अमेरिकी चुनाव और भू-राजनीतिक तनाव से बाजार में सतर्कता | मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के सम्पत्ति प्रबंधन प्रभाग के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों, अमेरिका में मध्यावधि चुनाव और दुनिया के केंद्रीय बैंकों की ब्याज नीति पर बाजार की निगाह है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतों में दो प्रतिशत की तेजी आई और यह 113 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। आगामी सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार कर सकते हैं और बीच-बीच में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। मंगलवार को होने वाले अमेरिकी मध्यावधि चुनाव और अमेरिका-ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण निवेशकों का रुख सतर्क रहने की संभावना है।

विशेषकों के अनुसार अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर को वर्तमान स्तर पर रखने के वहां के फेडरल रिजर्व (केंद्रीय बैंक) के फैसले से भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा पर अनुकूल असर पड़ा है। बैंकिंग सूचकांक में कल की अच्छी खासी मजबूती के बाद आज गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई का बैंकेक्स 303.23 (0.49 प्रतिशत) गिर कर 61,415.25 अंक पर बंद हुआ, बीएसई विशेष आईटी इंडेक्स 730.71 अंक (1.91 प्रतिशत) के जोरदार उछाल के साथ 38,892.55 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप100 0.93 प्रतिशत गिर कर 57301.25 पर बंद हुआ।

बीएसई सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयर आज लाभ में रहे। लाभ में रहे शेयरों में ट्रेंट 5.20 प्रतिशत, इंडिगो 4.06 प्रतिशत, इन्फोसिस टेक 3.37 प्रतिशत, एनटीपीसी 2.23 प्रतिशत पावर ग्रिड 1.57 प्रतिशत , टेक महिंद्रा 1.23 प्रतिशत, एचसीएल टेक. 1.17 प्रतिशत और टीसीएस 0.62 प्रतिशत लाभ में रहा। एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा, टीसीएस और एशियन पेंट जैसे शेयर भी लाभ में बंद हुए। घाटे में रहे शेयरों में एसबीआई 1.94 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.93 प्रतिशत, टाटा स्टील 1.06 प्रतिशत और एक्सिस बैंक 0.93 प्रतिशत घाटे में रहा। बजाज फाइनेंस, मारुति और एयरटेल जैसे कई प्रमुख घाटे में बंद हुए।

बजाज ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (अनुसंधान) पबित्रो मुखर्जी ने बाजार बंद होने के बाद एक संक्षिप्त टिप्पणी में कहा, ' बाजार का पैमाना माने जाने वाले सूचकांकों में तेजी का सिलसिला जारी रहा और वे प्रमुख मनोवैज्ञानिक स्तरों से ऊपर बंद हुए। लार्ज-कैप शेयरों में लगातार बनी खरीदारी ने बाजार की बढ़त को समर्थन दिया। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं, जिससे व्यापक आर्थिक चिंताएं बरकरार रहीं और निवेशकों में सतर्कता का माहौल बना रहा।'

मोबाइल ग्राहकों की कुल बढ़ोतरी में जियो की हिस्सेदारी 86 फीसदी



■ नई दिल्ली

रिलायंस जियो के ग्राहकों की संख्या में सितंबर माह में 19 लाख की बढ़ोतरी हुई जबकि इसी दौरान एयरटेल के 2 लाख ग्राहक बढ़े। मोबाइल कंपनियों के कोर मोबाइल ग्राहकों की कुल बढ़ोतरी में जियो की हिस्सेदारी करीब 86 फीसदी रही।

यह जानकारी भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण की सितंबर की रिपोर्ट पर आधारित डीएएम कैपिटल और आईआईएफएल कैपिटल के विश्लेषणों में आयी है। विश्लेषण के मुताबिक, मशीन-टू-मशीन कनेक्शन हटाने पर जियो के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 19 लाख बढ़ी, जबकि एयरटेल के 2 लाख ग्राहक बढ़े । इस श्रेणी के मोबाइल ग्राहकों की कुल संख्या 22 लाख बढ़ी, जिसमें अकेले जियो की हिस्सेदारी करीब 86 फीसदी रही। एक्टिव मोबाइल यूजर्स के मामले में भी जियो ने मजबूत प्रदर्शन किया। डीएएम कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक, एम2एम कनेक्शन हटाकर की गई गणना में सितंबर के दौरान जियो के एक्टिव यूजर्स की संख्या 13 लाख बढ़ी, जबकि एयरटेल व वोडाफोन आइडिया के एक्टिव यूजर्स घटे। एयरटेल के 2 लाख और वोडाफोन आइडिया के 3 लाख एक्टिव यूजर्स कम हुए। इस आधार पर देशभर में एक्टिव मोबाइल यूजर्स की कुल संख्या में 6 लाख की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कुल मोबाइल ग्राहक संख्या के मामले में भी जियो ने अपनी बढ़त बरकरार रखी। ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर के अंत में जियो के पास 51.11 करोड़ मोबाइल ग्राहक थे, जबकि एयरटेल का ग्राहक आधार 49.43 करोड़ रहा। वहीं, वोडाफोन आइडिया के 20.01 करोड़ और सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल के 9.43 करोड़ मोबाइल ग्राहक थे। इन कुल आंकड़ों में एम2 कनेक्शन भी शामिल हैं।

गूगल सर्च पर एआई का कहर! अल्फाबेट की मार्केट वैल्यू में 500 अरब डॉलर से ज्यादा की गिरावट


■ नई दिल्ली

गूगल की पैरेट कंपनी अल्फाबेट के शेयरों में 13 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई, जिससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण (मार्केट वैल्यू) में 500 अरब डॉलर से ज्यादा की कमी आ गई। कंपनी के इतिहास में मार्केट वैल्यू में यह अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। तीसरी तिमाही में सर्च और विज्ञापन कारोबार के कमजोर नतीजों ने निवेशकों की इस चिंता को बढ़ा दिया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से कंपनी के मुख्य कारोबार पर दबाव बढ़ सकता है। समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अल्फाबेट ने तीसरी तिमाही में साझेदारों को किए जाने वाले भुगतान को घटाने के बाद 111.2 अरब डॉलर की बिक्री दर्ज की, जो विश्लेषकों के अनुमान से कम रही। सर्च और अन्य माध्यमों से होने वाली विज्ञापन आय भी बाजार की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। कंपनी की कुल आय में इस कारोबार की हिस्सेदारी करीब आधी है और बड़े पैमाने पर ढ्ढ में किए जा रहे निवेश के लिए यह आय बेहद अहम है। विज्ञापन कारोबार की वृद्धि दर पिछले पांच तिमाहियों में सबसे धीमी रही।

बैंक ऑफ बड़ौदा का मुनाफा 6,532 करोड़ हुआ

■ नई दिल्ली

सरकारी बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शानदार मुनाफा दर्ज किया है। जुलाई से सितंबर के दौरान बैंक का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 36 फीसदी बढ़कर 6,532 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह बैंक का अब तक का सबसे ज्यादा तिमाही मुनाफा है।



बैंक के मुनाफे में इस बड़ी बढ़ोतरी की एक अहम वजह ब्याज के अलावा दूसरे स्रोतों से हुई कमाई है। खासतौर पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के शेयरों की बिक्री से बैंक की कमाई को फायदा हुआ। ब्याज से कमाई 9 फीसदी बढ़ी बैंक ऑफ बड़ौदा की नेट इंटरेस्ट इनकम (एनआईआई) जुलाई-सितंबर तिमाही में 9 फीसदी बढ़कर 13,026 करोड़ रुपये हो गई। नेट इंटरेस्ट इनकम का मतलब है कि बैंक को कर्ज पर मिलने वाले ब्याज और जमा रकम पर दिए जाने वाले ब्याज के बीच का अंतर।

सोना 245 रुपए फिसला चांदी 510 रुपए लुढ़की

■ सोना 1.42 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 510 रुपए प्रति किलोग्राम

■ नई दिल्ली



सोने और चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को एमसीएक्स पर सोना 245 रुपये फिसलकर 1,42,351 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है, जबकि चांदी 510 रुपये गिरकर 1,88,943 रुपये प्रति किलो पर आ गई है। वैश्विक बाजार में भी दोनों मेटल्स के भाव कमजोर हैं। अमेरिका में महंगाई बढ़ने और फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका से सोने पर दबाव है। वहीं चांदी में इंडस्ट्रियल मांग और निवेशकों के सेंटीमेंट का असर दिख रहा है। सोने और चांदी के रेट में पिछले कई दिनों से भारी गिरावट देखी जा रही है। वहीं इंटरनेशनल मार्केट में कॉमैक्स पर सोने की कीमत आज 0.67 फीसदी गिरकर 4,004 डॉलर प्रति औंस पर आ गई है। चांदी की कीमत भी 1.82 फीसदी गिरकर 51.425 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। गुरुवार को भी सोने की कीमतों में एक फीसदी की गिरावट आई है। अमेरिका में महंगाई के ऊंचे आंकड़ों से इस साल फेडरल रिजर्व की ब्याज दरें बढ़ने की उम्मीद मजबूत हुई है। इससे सोने की चमक फीकी पड़ी है। अमेरिका में महंगाई के मजबूत आंकड़ों ने इस साल फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरें बढ़ाने की आशंका को और मजबूत किया है। इससे सोने पर दबाव बना हुआ है। आज सोने के भाव में 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के दाम गिर गए हैं। सराफा बाजार में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,43,940 रुपये, 22 कैरेट का 10 ग्राम 1,31,940 रुपये और 18 कैरेट का 10 ग्राम 1,07,050 रुपये चल रहा है।

आरबीआई के नए नियमों से बैंकों की बढ़ी मुश्किल

एफसीएनआर जमा पर डॉलर ब्याज की हेजिंग हुई महंगी

■ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नए विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव नियमों के कारण बैंकों के लिए विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) या एफसीएनआर (बी) जमा पर डॉलर में ब्याज भुगतान की हेजिंग महंगी हो सकती है। नए नियमों के तहत बैंकों को विदेशी मुद्रा जोखिम आरक्षित निधि (एफईआरआर) व्यवस्था के अंतर्गत संबंधित रकम के 20 फीसदी के बराबर राशि नकद रखनी होगी। अक्टूबर में अभी तक 12 महीने का डॉलर-रुपया फॉरवर्ड प्रीमियम 102 आधार अंक बढ़ चुका है। इससे भविष्य में डॉलर भुगतान की हेजिंग लागत बढ़ गई है। फॉरवर्ड और हाजिर विनिमय दरों के अंतर को



दर्शाने वाला यह प्रीमियम सितंबर के अंत में 3.36 फीसदी था जो अब बढ़कर 4.38 फीसदी हो गया।

आरबीआई की विशेष स्वैप सुविधा के माध्यम से बैंकों ने बड़ी मात्रा में एफसीएनआर (बी) जमा जुटाए हैं। इनसे प्राप्त राशि उम्मीद से अधिक रही। पहले 75 अरब से 100 अरब डॉलर मिलने का अनुमान था जबकि वास्तविक जमा राशि 133 अरब डॉलर रही। इसके बाद आरबीआई ने इस सुविधा की समयसीमा 30 सितंबर से घटाकर 31 अगस्त कर दी थी। स्वैप सुविधा इन जमाओं के मूलधन को कवर करती है और देय ब्याज इसमें शामिल नहीं है। इसलिए ब्याज भुगतान की हेजिंग की व्यवस्था बैंकों को खुद करनी पड़ती है। बैंक अब डॉलर में जुटाई गई रकम के ब्याज वाले हिस्से की हेजिंग के विकल्प का आकलन कर रहे हैं। कुछ बैंकों ने फॉरवर्ड अनुबंध और अन्य डेरिवेटिव सौदों के जरिये हेजिंग की है जबकि कुछ ने अभी पूरी रकम को हेज नहीं किया है। यदि बैंकों को लगता है कि रुपया मौजूदा स्तर के आसपास बना रहेगा तो वे कुछ रकम को बिना हेज किए भी रख सकते हैं। हालांकि यह फैसला रुपये की चाल को लेकर उनके अनुमान पर निर्भर करेगा।

फिक्की ने चुना सनमार ग्रुप के विजय शंकर को अध्यक्ष

मुंबई। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति ने सनमार ग्रुप के अध्यक्ष विजय शंकर को वर्ष 2026-27 के लिए संगठन का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया है। श्री शंकर वर्तमान में फिक्की के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। वह 18-19 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली देश के इस प्रतिष्ठित उद्योग मंडल की वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन के समापन पर कार्यभार संभालेंगे।

प्रीमियम हैचबैक ग्लैंजा का 2026 फेसलिफ्ट मॉडल पेश

■ नई दिल्ली

अपनी प्रीमियम हैचबैक ग्लैंजा का 2026 फेसलिफ्ट मॉडल टोयोटा ने बिक्री के लिए बाजार में उतार दिया है। इसकी सबसे बड़ी खासियत सेगमेंट में पहली बार मिलने वाला लेवल-2 एडास सुरक्षा प्रणाली है। इस नए मॉडल में डिजाइन, फीचर्स और सुरक्षा तकनीक पर खास ध्यान दिया गया है। कंपनी ने ग्लैंजा को ई, एस, जी, वी और वी (ओ) सहित पांच वेरिएंट में पेश किया है, जिसमें वी (ओ) सबसे महंगा और फीचर-रिच विकल्प है। ग्लैंजा वी (ओ) वेरिएंट केवल पेट्रोल इंजन के साथ उपलब्ध है और इसे मैनुअल व ऑटोमैटिक गियरबॉक्स विकल्पों में पेश किया गया है।

मैनुअल वेरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 10.49 लाख रुपये है, जबकि एएमटी ऑटोमैटिक वेरिएंट की कीमत 10.98 लाख रुपये है। नई ग्लैंजा के डिजाइन में इसके अगले हिस्से में बड़े बदलाव हुए हैं, जिसमें बड़ी और चौड़ी हनीकॉम्ब पैटर्न वाली ग्रिल शामिल है, जिसमें लेवल-2 एडास के लिए



रडार भी लगा है। इसमें एलईडी प्रोजेक्टर हेडलाइट्स और एल-आकार के एलईडी डे-टाइम रनिंग लैंप मिलते हैं, जबकि वी (ओ) वेरिएंट में एलईडी फॉग लैंप भी दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कार में छह एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल और 360 डिग्री कैमरा भी मौजूद है।

ग्लैंजा वी (ओ) में 1.2 लीटर का पेट्रोल इंजन है जो 83 पीएस की पावर और 112 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। मैनुअल वेरिएंट का दावा किया गया माइलेज 23.80 किलोमीटर प्रति लीटर है, जबकि एएमटी का 24.77 किलोमीटर प्रति लीटर है। इसका मुकाबला मारुति बलेनो, हुंडई आई 20 और टाटा अल्ट्रोज जैसी कारों से है। केबिन में काले और बेज रंग का इंटीरियर प्रीमियम लुक देता है।

खातों में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी, औसत निवेश घटा

3 साल से कम समय में दोगुना हुआ एसआईपी निवेश

■ नई दिल्ली

म्युचुअल फंड में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए हर महीने आने वाला निवेश तीन साल से भी कम समय में लगभग दोगुना हो गया है। सितंबर 2026 में एसआईपी के जरिए रिकॉर्ड 32,490 करोड़ रुपये का निवेश आया, जो सितंबर 2025 के 29,361 करोड़ रुपये से 11 फीसदी ज्यादा है। फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया म्युचुअल फंड की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर 2024 में एसआईपी निवेश 24,509 करोड़ रुपये था। इससे पता चलता है कि बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेशक नियमित रूप से निवेश कर रहे हैं।



एसआईपी खातों में बढ़ोतरी, औसत निवेश में गिरावट-रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर में एसआईपी खातों की संख्या सालाना आधार पर 11.9 फीसदी बढ़कर 10.89 करोड़ हो गई। हालांकि, हर महीने औसत एसआईपी निवेश घटकर 2,984 रुपये रह गया, जो सितंबर 2025 में 3,018 रुपये था। सितंबर 2026 में नए एसआईपी रजिस्ट्रेशन की संख्या 63.26 लाख रही। इस महीने के दौरान, रजिस्टर्ड एसआईपी के प्रतिशत के रूप में एसआईपी बंद होने की दर घटकर 79 फीसदी रह गई।

10 साल में कुल एसआईपी निवेश सात गुना बढ़ा-वित्त वर्ष 2017 से वित्त वर्ष 2026 के बीच कुल एसआईपी निवेश में करीब सात गुना बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान इसमें सालाना आधार पर 26 फीसदी की दर से वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2017 में कुल एसआईपी निवेश 43,921 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2026 में बढ़कर 3.49 लाख करोड़ रुपये हो गया। बाजार में उतार-चढ़ाव और रिटर्न में अस्थिरता के बावजूद एसआईपी निवेश में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

व्यक्तिगत निवेशकों की संपत्ति 10 साल में आठ गुना बढ़ी

रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 10 वर्षों में व्यक्तिगत निवेशकों की संपत्ति आठ गुना बढ़ी है, जबकि पूरे म्युचुअल फंड उद्योग की संपत्ति छह गुना बढ़ी है। पिछले पांच वर्षों में व्यक्तिगत निवेशकों की संपत्ति 22 फीसदी की सालाना दर से बढ़ी, जबकि उद्योग की कुल संपत्ति में 18 फीसदी की दर से वृद्धि हुई। 10 वर्षों के दौरान भी व्यक्तिगत निवेशकों की संपत्ति की सालाना वृद्धि दर 22 फीसदी रही, जबकि उद्योग की वृद्धि दर 18 फीसदी थी।

म्युचुअल फंड निवेशकों की संख्या बढ़ी

सितंबर में म्युचुअल फंड उद्योग से पांच लाख नए निवेशक जुड़े। इसके साथ ही कुल निवेशकों की संख्या बढ़कर 6.33 करोड़ हो गई। पिछले 12 महीनों के दौरान उद्योग से 69 लाख नए निवेशक जुड़े, जबकि इससे पिछले साल की इसी अवधि में यह संख्या 79 लाख थी।

हुंडई बायोन और किआ सेल्टॉस के बीच कड़ा मुकाबला

■ नई दिल्ली

मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट में हुंडई बायोन और किआ सेल्टॉस के बीच भारतीय बाजार में कड़ा मुकाबला शुरु हो गया है। हुंडई बायोन की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपये है, जो इसके टॉप मॉडल के लिए 18 लाख रुपये तक जाती है। वहीं, किआ सेल्टॉस का बेस मॉडल लगभग 11 लाख रुपये से शुरु होकर टॉप मॉडल के लिए 20 से 21 लाख रुपये तक पहुंचता है। बजट के लिहाज से हुंडई बायोन अधिक किफायती एंट्री प्वाइंट देती है, जबकि किआ सेल्टॉस अपनी बड़ी बॉडी और दमदार रोड प्रेजेंस के लिए पहचानी जाती है।



आकार के मामले में किआ सेल्टॉस 4460 मिमी लंबी है, जो हुंडई बायोन की 4245 मिमी लंबाई से काफी बड़ी है। केबिन और फीचर्स की बात करें तो दोनों एसयूवी में आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं। हुंडई बायोन में 12.3-इंच का डुअल पैनोरमिक डिस्प्ले, जनरेटिव एआई वॉयस असिस्टेंट और लेवल 2 प्रो एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडास) मिलता है। दूसरी ओर, किआ सेल्टॉस में भी डुअल स्क्रीन सेटअप, बोस ऑडियो सिस्टम, 360 डिग्री कैमरा और लेवल 2 एडास की सुविधा मिलती है।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से दोनों कारों में 6 एयरबैग्स मानक रूप से दिए गए हैं। इंजन विकल्प में किआ सेल्टॉस आगे दिखाई देती है। सेल्टॉस में 1.5-लीटर पेट्रोल, टर्बो पेट्रोल और डीजल इंजन के विकल्प उपलब्ध हैं, जिनका माइलेज 16 से 18 किमी प्रति लीटर है। इसके विपरीत, हुंडई बायोन में केवल 1.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 115 पीएस की पावर जनरेट करता है।